जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 3 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 19 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल शर्मा के नवाचार और निर्णय से अनुसूचित जनजाति के छात्रों की चमक रही है किस्मत

**प्रदेश के 31 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में अनुसूचित जनजाति के बच्चे आईआईटी, जेईई इत्यादि हाई प्रोफाइल एग्जाम की कर रहे हैं तैयारी**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** वैसे तो पिछले 2 साल में प्रदेश में भजनलाल सरकार में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए और हर क्षेत्र में प्रदेश में तेजी से विकास किया है लेकिन प्रदेश का युवा वर्ग सबसे ज्यादा खुश नजर आया क्योंकि प्रदेश के युवाओं के कल्याण और विकास के लिए लिए पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार ने जो योजनाएं और निर्णय लिए उनके फायदे युवाओं को मिल रहे हैं जिसकी वजह से प्रदेश के युवा वर्ग में भजनलाल सरकार के प्रति जोरदार भरोसा और विश्वास कायम हुआ है आज राजस्थान में हर जातियों और बिरादरी के युवा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नीतियों और निर्णय से काफी खुश दिख रहे हैं जिसमें प्रदेश के अनुसूचित जनजाति के बच्चे भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से काफी प्रभावित हैं वजह यह है कि एक तरफ जहां प्रदेश सरकार एससी-एसटी वर्ग के लोगों के कल्याण और विकास के लिए पूरी तरह समर्पित नजर आई तो दूसरी तरफ प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सुदूर जनजाति अंचल में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल शिक्षा, समरसता और सामाजिक सुरक्षा के क्षितिज पर सूरज की तरह चमक रहे हैं राज्य के 31 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चे आईआईटी, जेईई जैसे हाई प्रोफाइल परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं तो दूसरी तरफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर, लैब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसे नवाचार जनजातीय बालक बालिकाओं के सपनों में नए रंग भर रहे हैं जानकारी के अनुसार एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में पढ़ रहे। 11619 अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की रोशनी से जनजाति क्षेत्र में हजारों घर परिवार भी उम्मीद से रोशन हैं इनमें 6710 बालक और 4909 बालिकाएं हैं अभाव में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर आसंकित माता-पिता की आंखों में नोनीहालों के सुनहरे भविष्य की चमक और चेहरे पर आत्मविश्वास की झलक साफ देखी जा रही है राज्य के एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित भविष्य की गारंटी का असर है कि वर्ष 2024 25 में 999 बच्चों के मुकाबले वर्ष 2025 26 में 1620 अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले बच्चों की संख्या भी हर साल बढ़ रही है शिक्षा के साथ-साथ आवास भोजन और किताबें भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं जानकारी के अनुसार एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके कैरियर मार्गदर्शन के लिए भी उन्हें सही दिशा दिखाई जाती है इन विद्यालयों में कक्षा 9 से 11 तक अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए इनेबल कार्यक्रम के अंतर्गत टाटा मोटर्स के सहयोग से आईआईटी और अन्य हाई प्रोफाइल एग्जाम की तैयारी के लिए प्रतिदिन ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है दक्षिणा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित नेशनल लेवल परीक्षा में चयन किए गए 12 विद्यार्थियों को भोपाल में आईआईटी और अन्य हाई प्रोफाइल एग्जाम की विशेष कोचिंग दी जा रही है जानकारी के अनुसार एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में पढ़कर बच्चों ने खुद का और देश का नाम रोशन किया है जिसमें जयपुर के छात्र मोहनलाल मीणा अनिकेश मीणा सवाई माधोपुर की छात्रा राजकुमारी मीणा ने नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा में चयनित होकर राजकीय आयुर्वेद विज्ञान महाविद्यालय से एमबीबीएस कर रहे हैं ।

## राजनाथ सिंह ने गोला-बारूद संयंत्र का किया उद्घाटन, कहा- निजी क्षेत्र में दिखता है नया संकल्प

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली** देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के नागपुर में सोलर इंडस्ट्रीज द्वारा निर्मित मीडियम कैलिबर एम्युनिशन फैसिलिटी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जब वह ऐसे निजी क्षेत्र के रक्षा संयंत्र देखते हैं, तो उन्हें सिर्फ एक फैक्ट्री नहीं, बल्कि नया संकल्प, नई ऊर्जा और नवाचार दिखाई देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था, जब रक्षा उत्पादन लगभग पूरी तरह सार्वजनिक क्षेत्र तक सीमित था। निजी कंपनियों की भागीदारी बहुत कम थी। लेकिन बीते वर्षों में इस सोच को बदला गया। आज निजी क्षेत्र रक्षा उत्पादन में बड़ी भूमिका निभा रहा है और देश को आत्मनिर्भर बनाने में अहम योगदान दे रहा है। नागपुर में बनी यह अत्याधुनिक फैसिलिटी सौर उद्योग द्वारा तैयार की गई है। यहां आधुनिक तकनीक से मीडियम कैलिबर गोला-बारूद का निर्माण किया जाएगा। इससे भारतीय सशस्त्र बलों को समय पर और उच्च गुणवत्ता वाला एम्युनिशन उपलब्ध होगा और आयात पर निर्भरता कम होगी। रक्षा मंत्री ने अपने नागपुर दौरे के दौरान इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी से न सिर्फ उत्पादन बढ़ रहा है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। इससे भारत वैश्विक रक्षा बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। जयपुर में 78वें सेना दिवस पर शौर्य संध्या कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ यह अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने साफ कहा कि जब तक आतंकवाद एक विचारधारा के रूप में खत्म नहीं हो जाता, तब तक यह मिशन जारी रहेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज युद्ध सिर्फ बंदूक और गोलियों तक सीमित नहीं रह गया है। साइबर स्पेस, ड्रोन, मोबाइल फोन, अंतरिक्ष और मीडिया भी युद्ध का हिस्सा बन चुके हैं। भारतीय सशस्त्र बलों ने बदलते हालात के अनुसार खुद को तेजी से अपग्रेड किया है, जो देश के लिए गर्व की बात है। राजनाथ सिंह ने बताया कि 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने सात मई को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई देश के सशस्त्र बलों पर जनता के भरोसे का प्रमाण है।

## भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित रही है : पोलैंड के उप प्रधानमंत्री

### जयपुर में पोलैंड के उप प्रधानमंत्री ने रूस यूक्रेन युद्ध सहित कई मुद्दों पर अपनी बात रखी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पोलैंड के उप प्रधानमंत्री राडोस्लेव सिकोरसकी ने जयपुर में रविवार को महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान रूस यूक्रेन युद्ध सहित भारत की विदेश नीति के बारे में भी अपनी राय खुलकर प्रकट की उन्होंने कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध में रूस को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है हर साल अरबों डॉलर युद्ध पर खर्च हो रहे हैं यह युद्ध केवल जमीन का नहीं बल्कि यूक्रेन की भू राजनीतिक दिशा तय करने की कोशिश है उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्ष ने पूरे यूरोप को झकझोर कर रख दिया है यूक्रेन को इस युद्ध में भारी नुकसान उठाना पड़ा है हजारों लोग मारे गए हैं शहर तबाह हो चुके हैं और लोग माइंस 20 डिग्री की कड़ाके की ठंड में बिजली हीटिंग और जरूरी बुनियादी सुविधाओं के बिना जीवन गुजारने को मजबूर है। उन्होंने यूक्रेन के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह हिम्मत नहीं हारे और अपनी संस्कृति पहचान और आजादी की रक्षा के लिए मजबूती से डटे रहे। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री ने चर्चा में रूस और यूक्रेन के ऐतिहासिक संबंधों की पृष्ठभूमि भी समझाइए उन्होंने कहा की भाषा या जातीय समानता राजनीतिक सोच निश्चित नहीं करती। रूस का ऐतिहासिक विकास केंद्रीकृत सत्ता और ऊपर से नीचे चलने वाली व्यवस्था के तहत हुआ है जबकि यूक्रेन लंबे समय तक पुलिस लिथुआनिया कॉमनवेल्थ का हिस्सा रहा जहां संसद और अधिकारों की परंपरा विकसित हुई यही अंतर आज के संघर्ष की जड़ में है उन्होंने चर्चा में सोवियत काल के कृत्रिम अकाल हलो डामोर का भी जिक्र किया । उन्होंने कहा कि इस काल में लोगों से सब कुछ छीन लिया गया और उन्हें भूख से मरने के लिए छोड़ दिया गया इसके साथ ही यूक्रेनी संस्कृति और पहचान को नष्ट करने का प्रयास किया गया जिसकी छाया आज भीरूसी औपनिवेशिक नेटिव में दिखाई देती है । उन्होंने रूस और चीन की बढ़ती हुई नजदीकी पर चिंता जताते हुए कहा कि यह साझेदारी लंबे समय में रूस के राष्ट्रीय हितों के लिए नुकसानदेह है साबित हो सकती है। चर्चा के दौरान पोलैंड के उप प्रधानमंत्री ने भारत और रूस के रिश्तों पर भी चर्चा करते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित रही है और वह किसी एक ध्रुव के साथ खड़ा होने की वजह अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देता है रूस के साथ भारत के पुराने और बहुआयामी संबंध रहे हैं मौजूदा वैश्विक संकट के बीच भारत ने संतुलन बनाने की कोशिश की है भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संवाद कूटनीति और शांति की बात करता रहा है और उसकी भूमिका भविष्य में और हम हो सकती है क्योंकि वह पश्चिम और रूस दोनों के साथ संवाद की स्थिति में है पोलैंड के उप प्रधानमंत्री ने अमेरिका और यूरोप के रिश्तों पर बोलते हुए कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के दौर के अनुभवों ने यूरोप को और अधिक आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सोचने पर मजबूर कर दिया है ।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए आज नामांकन, राजस्थान से प्रस्तावकों की सूची में 20 नेताओं के नाम






जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज नामांकन प्रस्तुत किए जाएंगे इसके लिए राजस्थान से भी प्रस्तावों की सूची में 20 नेताओं को शामिल किया गया है । जानकारी के अनुसार राजस्थान से प्रस्ताव को की सूची में जिन नेताओं के नाम है उनमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, सांसद और प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अशोक प्रणामी, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा, पूर्व सांसद नारायण पंचारिया, वरिष्ठ नेता ओंकार सिंह लखावत, भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के राजस्थान अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, राजस्थान अवसान बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अजय पाल सिंह राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी. आर चौधरी पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी जसवंत सिंह विश्नोई को शामिल किया गया है । जानकारी के अनुसार आज दिल्ली में दोपहर 2:00 बजे से 4:30 तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रस्तुत किए जाएंगे और कल 20 जनवरी को औपचारिक रूप से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुने जाने का ऐलान कर दिया जाएगा। जानकार लोगों का कहना है कि भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चुने जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नितिन नवीन के प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहेंगे। पार्टी के रीति रिवाज और नियमों के अनुसार नामांकन प्रक्रिया संपादित किया जाना अनिवार्य होता है इसीलिए सिर्फ औपचारिकता के लिए आज सिर्फ एक ही नामांकन नितिन नवीन की ओर से प्रस्तुत किया जाएगा इसलिए नितिन नवीन ने विरोध रूप से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे पिछले दिनों नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था उस समय यह तय हो गया था कि नितिन नवीन ही भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। नितिन नवीन बिहार की राजनीति से ताल्लुक रखते हैं और बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं इसके अलावा नितिन नवीन काफी युवा नेता हैं और अब से पहले भाजपा हाई कमान की ओर से इन्हें जो भी संगठन में जिम्मेदारी दी उस जिम्मेदारी को इन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से निभाया था इसीलिए नितिन नवीन को इस महत्वपूर्ण और सबसे बड़े पद पर बिठाया गया है। भाजपा के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पहले इसी तरह से शुरू में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने थे नड्डा ने अमित शाह के सहायक के रूप में कुछ समय के लिए काम किया था और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद के बाद जेपी नड्डा को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया था इसलिए नितिन नवीन के भी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद यह करीब तय हो गया था कि भाजपा और संघ दोनों ने मिलकर बीजेपी के अगले नए अध्यक्ष का चयन कर लिया है अब 20 जनवरी को नितिन नवीन आधिकारिक रूप से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चुन लिए जाएंगे।

## नितिन नबीन बनेंगे भाजपा के नए अध्यक्ष?: आज से शुरू होगी चुनावी प्रक्रिया

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली(एजेंसी)** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां कल यानी सोमवार को भाजपा के लगभग सभी मुख्यमंत्री, राज्य इकाई प्रमुख और अन्य वरिष्ठ नेता पार्टी मुख्यालय में जुटेंगे, जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को पार्टी का 12वां राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। इसके बड़ा कारण यह माना जा रहा है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का समर्थन प्राप्त है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 4 बजे से 5 बजे तक होगी और शाम 5 बजे से 6 बजे तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले दिन नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम घोषित किया जाएगा। बता दें कि नितिन नबीन जो हाल ही में पांचवीं बार बिहार के विधायक और भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त हुए थे, सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं भाजपा के संविधान के अनुसार, किसी भी राज्य के 20 प्रतिनिधि किसी सक्रिय सदस्य को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित कर सकते हैं।

## हिंदुओं की हत्या पर भारत सरकार ने चिंता जताई है: जयपुर में बोले बांग्लादेशी राजनीतिक रियाज हमीदुल्लाह

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारत में बांग्लादेश के हाई कमिश्नर रियाज हमीदुल्लाह जयपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए। इस कार्यक्रम में उन्होंने एक विशेष चर्चा में भी हिस्सा लिया इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कार्यक्रम के अनुभव शेयर करते हुए जानकारी देते हुए बताया कि प्रोफेसर सी राजा मोहन, सुहासिनी हैदर नवतेज सरना और शुभजीत राय के साथ पैनल एशियन ड्रामा में शामिल होकर बहुत खुशी हुई और भविष्य में बांग्लादेश भारत के संबंधों पर बात की उन्होंने लिखा दो दशक बाद सिर्फ साहित्यकारों, कवियों और प्रकाशकों ही नहीं बल्कि रचनाकारों और विचारों की जोशीली सभा को विचार देने और पेश करने के लिए धन्यवाद तथा सभी के लिए काल्पनिक से लेकर असली मुद्दों पर बोलने या बहस करने के लिए एक आजाद जगह बनाने के लिए धन्यवाद उन्होंने यह भी लिखा कि दूसरों की बात सुनना निश्चित रूप से एक गुण के तौर पर होना चाहिए। भारत और बांग्लादेश के बीच यूनुस की अंतरिम सरकार में तनाव बढ़ते जा रहे हैं खासतौर से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हो रही चिंता पर भारत ने गहरी चिंता जताई है । भारत ने बांग्लादेश में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव की बात भी कहीं भारत के राजनीतिक विश्लेषक उम्मीद जता रहे हैं कि लोकतंत्र तरीके से चुनी गई सरकार के बाद दोनों देशों के बीच हालत सही हो सकते हैं।

## भारत बहु-मॉडल कनेक्टिविटी और हरित परिवहन पर विशेष जोर दे रहा है: नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार दूसरे दिन पश्चिम बंगाल को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के सिंगूर में 830 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कल वे मालदा में थे और आज उन्हें हुगली की जनता के बीच रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक विकसित भारत के लिए पूर्वी भारत का विकास आवश्यक है और इस लक्ष्य को लेकर केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कल और आज के कार्यक्रम इस संकल्प को और मजबूत करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दौरान उन्हें पश्चिम बंगाल के विकास से संबंधित सैकड़ों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने का अवसर मिला। मोदी ने बताया कि कल पश्चिम बंगाल से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू की गई। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल को लगभग आधा दर्जन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें भी मिली हैं। उन्होंने बताया कि आज तीन और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से एक ट्रेन उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी और बंगाल के बीच संपर्क को और मजबूत करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली और तमिलनाडु के लिए भी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की गई हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले 24 घंटे पश्चिम बंगाल के रेल संपर्क के लिए अभूतपूर्व रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बंगाल में जलमार्गों की अपार संभावनाएं हैं और केंद्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि बंदरगाह आधारित विकास के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले ही बंदरगाहों और नदी-जलमार्गों से संबंधित परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। उन्होंने जोर दिया कि ये पश्चिम बंगाल और भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ये वे स्तंभ हैं जिन पर पश्चिम बंगाल को विनिर्माण, व्यापार और रसद के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं के लिए सभी को बधाई दी। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि बंदरगाहों और उनसे जुड़े पारिस्थितिकी तंत्र पर जितना अधिक ध्यान दिया जाएगा, उतना ही अधिक रोजगार सृजित होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह की क्षमता विस्तार में महत्वपूर्ण निवेश किया है। उन्होंने आगे कहा कि सागरमाला योजना के तहत इस बंदरगाह की कनेक्टिविटी में सुधार के लिए सड़कों का निर्माण भी किया गया है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के परिणाम अब दिखने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि पिछले वर्ष कोलकाता बंदरगाह ने माल ढुलाई में नए रिकॉर्ड बनाए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बालागढ़ में विकसित की जा रही विस्तारित बंदरगाह द्वार प्रणाली हुगली और आसपास के क्षेत्रों के लिए नए अवसर खोलेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे कोलकाता शहर में यातायात और रसद का दबाव कम होगा। उन्होंने कहा कि गंगा पर बने इस जलमार्ग के माध्यम से माल ढुलाई में और वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि यह संपूर्ण अवसंरचना हुगली को एक भंडारण और व्यापार केंद्र में बदलने में सहायक होगी, जिससे सैकड़ों करोड़ का नया निवेश आएगा, हजारों रोजगार सृजित होंगे, छोटे व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को लाभ होगा और किसानों और उत्पादकों के लिए नए बाजार उपलब्ध होंगे। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत आज बहु-मार्गीय संपर्क और हरित परिवहन पर विशेष बल दे रहा है। उन्होंने कहा कि सुगम परिवहन सुनिश्चित करने के लिए बंदरगाहों, नदी-मार्गों, राजमार्गों और हवाई अड्डों को आपस में जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे रसद लागत और परिवहन समय दोनों में कमी आ रही है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि परिवहन के साधनों को प्रकृति के अनुकूल बनाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाइब्रिड इलेक्ट्रिक नौकाएं नदी परिवहन और हरित परिवहन को मजबूत करेंगी, जिससे हुगली नदी पर यात्रा आसान होगी, प्रदूषण कम होगा और नदी आधारित पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मत्स्य पालन और समुद्री खाद्य उत्पादन एवं निर्यात में तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के इस क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने का सपना व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार नदी-जलमार्गों के विकास के लिए पश्चिम बंगाल के दृष्टिकोण का प्रमुखता से समर्थन कर रही है, जिससे किसानों और मछुआरों दोनों को लाभ मिल रहा है। मोदी ने कहा कि केंद्रसरकार द्वारा शुरू की गई ये सभी परियोजनाएं पश्चिम बंगाल के विकास की गति को तेज करेंगी। उन्होंने इन परियोजनाओं के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल,शांतनु ठाकुर, सुकांत मजूमदार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
19 जनवरी, 2026

# जयकारो के लिए नहीं विपक्ष, जनता के मुद्दों को उठाना प्राथमिकता - नेता प्रतिपक्ष जूली

### आरोप बजट पास कराकर फिर छु मंत्र हो जाएगी सरकार

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रविवार को अलवर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की जयकारों के लिए नहीं बल्कि जनता के मुद्दों को उठाना विपक्ष की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बजट पास कराकर फिर छूमंतर हो जाएगी लेकिन मजबूत विपक्ष के रूप में हम ऐसा नहीं होने देंगे, हम जनहित के मुद्दों पर सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर चल रही राजस्थान सरकार जनता के हितों पर कुठाराघात कर रही है। एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र की हत्या : नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर के नाम पर लोकतंत्रकी हत्या की जा रही है। दिल्ली में बैठे ट्रेनर राजस्थान में मजदूर, गरीब लोगों के वोट काटने के नाम पर करंट लगाकर उनकी हत्या करने पर आमदा है।

**भाजपा की नियति और नियत दोनों ही गलत**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सीधे तौर पर कहा कि जहां कांग्रेस पार्टी का दबदबा है वहां एसआईआर के नाम पर भाजपा की नियति और नियत दोनों ही गलत साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समर्थित वोटो को काटने के लिए भारतीय जनता पार्टी ओछे हथकंडे अपना रही है।

**अधिकारियों पर दबाव, मरने को मजबूर हैं कर्मचारी**

जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं जिसकी वजह से मजबूर होकर अधिकारी और कर्मचारी मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के वोट कटवाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता अधिकारियों को मरवाने से भी नहीं चूक रहे हैं।

**बेईमानी की साजिश में विपक्ष नहीं होने देगा भाजपा को कामयाब**

जूली ने कहा कि बेईमानी की इस साजिश में विपक्ष भारतीय जनता पार्टी को कभी भी कामयाब नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि गरीबों को समय पर रोटी नहीं मिल रही, युवाओं को धोखा मिल रहा, कांग्रेस की पाइपलाइन की नौकरी को अपना बताकर भाजपा की सरकार वाहवाही लूट रही है।

**केंद्र और राज्य मंत्री पर जूली ने बोला हमला**

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जूली ने कहा कि वन विभाग के हालात बिलकुल विपरीत है राज्य और केंद्र सरकार के दोनों मंत्री होने के बावजूद स्थिति दयनीय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम पर हमला और प्रेस नोट से परे सच्चाई पर जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अरावली तक को बेचने का नेटवर्क इन लोगों ने बिछा दिया लेकिन विपक्ष ने इसे बचाने के लिए अपनी जी जान लगा दी यहां तक की पुलिस अधिकारी का कहना है कि यह माफिया मानेंगे नहीं।

**खेल के पीछे का खेल सामने आना चाहिए**

जूली ने कहा कि दिल्ली की तर्ज पर चल रही है राजस्थान सरकार का खेल के पीछे का खेल सामने आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां राजस्थान में माफिया बेलगाम हो गया है,अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए अलवर के दोनों मंत्री कुछ भी हद तक जाने को तैयार है।

## सर्वेश्वर महादेव मंदिर में भजन-कीर्तन व विशाल पौष बड़े का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कांवरिया सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संचालक महंत त्रिलोकीनाथ महाराज के आशीर्वाद से प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल मीणा के नेतृत्व में मॉडल टाउन मालवीय नगर स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर में भजन-कीर्तन एवं विशाल पौष बड़े का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर रहा। भजनों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की। आयोजन में लोटस बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर महेश जैन, संगठन प्रभारी राजपाल सिंह जायसवाल, सचिव मनीष जैन सहित नरेंद्र चौधरी, सत्यनारायण शर्मा, अशोक जांगिड़, अमित जैन, मदनमोहन शर्मा, घासीलाल शर्मा एवं रामलाल मीणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन के अंत में विशाल पौष बड़े का वितरण किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## धानका जनकल्याण समिति अलवर शहर की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आदिवासी धानका जनकल्याण समिति शाखा अलवर शहर की बैठक फैमिली लाइन सगलानसर में समिति अध्यक्ष अशोक धानका की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, मजबूती और सक्रियता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश धानका ने कहा कि शहर में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत स्थानीय स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं और सदस्यों की विस्तृत संपर्क सूची तैयार की गई है, जिसमें नाम एवं संपर्क विवरण शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना, आपसी समन्वय को बढ़ावा देना तथा भविष्य की गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करना है। संपर्क सूची तैयार होने से कार्यकर्ताओं में एकजुटता बढ़ेगी और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित संवाद संभव हो सकेगा। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और संगठन की आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 25 जनवरी को तेलीपाड़ा अखेपुरा में आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यकारिणी विस्तार एवं जिम्मेदारियों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में डालचंद धानका, बाबूलाल धानका, रमेश चंद, अमित कुमार, कल्याण सिंह, महंत सूरज, मनोज किराड़, पन्नालाल, हरदयाल, तेज सिंह, घासीराम, किशन लाल, रवि सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य मौजूद रहे।

## रन फॉर स्वदेशी मैराथन में दौड़े युवा

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा अलवर के द्वारा देश भर में चलाए जा रहे स्वदेशी अभियान के तहत मैराथन दौड़ आयोजित कि गई। जो रन फॉर स्वदेशी मैराथन के नाम से आयोजित कि गई जिसमें अलवर के सैकड़ों युवा प्रतिभागी बनें। जिला संयोजक रजनीश जैमन ने बताया कि मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा, अध्यक्षता जयराम जाटव पूर्व विधायक, मुख्य वक्ता सतीश यादव मण्डल अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि दिनेश भार्गव अध्यक्ष बॉक्सिंग संघ, साधना टोंगडा एशियन खिलाड़ी रहे। अतिथियो के द्वारा सरदार पटेल कि मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर रवाना कर राम मूर्ति पर समापन कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि देश के युवाओं को स्वदेशी के लिए आगे आना चाहिए और स्वदेशी अपनानी चाहिए जिससे अपने देश का उत्पादन बढे और युवाओं को रोजगार मिले। इस मौके पर गिरिश शर्मा, निवर्तमान पार्षद सोनू चौधरी, प्रतिक प्रधान, उज्जवल अग्रवाल, यश शर्मा, चिराग कुमार, रजनीश बांगा आदि युवा उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी ने बजाया चुनावी बिगुल

### 'आप आपरे साथे' जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ, विधानसभा चुनाव पूरी मजबूती से लड़ने का ऐलान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आम आदमी पार्टी द्वारा जिले में आयोजित पत्रकार वार्ता के माध्यम से विशेष जनसंपर्क अभियान 'आप आपरे साथे' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पार्टी ने आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव संगठनात्मक एकजुटता, जमीनी मजबूती और व्यापक जनभागीदारी के साथ लड़ने का स्पष्ट ऐलान किया। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि आम आदमी पार्टी राजस्थान की प्रत्येक विधानसभा सीट पर पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोड़ते हुए यह अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। प्रेस वार्ता में प्रदेश महासचिव विश्वेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष जगन्नाथ गोयल सहित जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन को सशक्त बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को विजयी बनाने का संकल्प लिया। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि पार्टी की राजनीति आम आदमी के हितों पर केंद्रित है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पारदर्शी शासन जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए आने वाले समय में पार्टी जनता के बीच जाकर अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को मजबूती से प्रस्तुत करेगी।

## मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

### गांव-गांव पहुंचे जिलाध्यक्ष बलराम यादव, मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई का ऐलान



जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में किए जा रहे नाम एवं योजना परिवर्तन के प्रयासों के विरोध में जिला खैरथल-तिजारा कांग्रेस कमेटी की ओर से ग्राम पंचायत मोठूका, विरसंगपुर सहित विभिन्न गांवों में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलराम यादव स्वयं मनरेगा मजदूरों के बीच पहुंचे और सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। मजदूरों को संबोधित करते हुए बलराम यादव ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए जीवन रेखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का प्रयास भाजपा सरकार की गांधीवादी सोच और संविधान विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी मजदूरों के अधिकारों, रोजगार और सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मनरेगा को कमजोर करने के प्रयास तुरंत बंद करने की मांग की। मजदूरों ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के साथ आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान की है, जिसे कमजोर करना गरीब विरोधी कदम है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मनरेगा में किए जा रहे बदलावों को वापस नहीं लिया तो कांग्रेस पार्टी मजदूरों के साथ मिलकर जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन शांतिपूर्ण लेकिन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस युवा नेता सदाम खान, अर्जुन ठाकुर (पार्षद), यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष तारीफ़ खान, फारूक, वीरपाल मेघवाल, नूरा खान, साहबदीन, दीनू, आंसू, उप सरपंच हनीफ, उनतस, पप्पू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## सेवा भारती समिति का दसवां सर्वजातीय राम-जानकी सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** सेवा भारती समिति अलवर द्वारा इस वर्ष आयोजित किए जाने वाले दसवें सर्वजातीय राम-जानकी सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर रविवार को अलवर शहर स्थित केशव कृपा संघ कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में समिति पदाधिकारियों ने सम्मेलन की रूपरेखा एवं तैयारियों की जानकारी दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सेवा भारती समिति के जिला मंत्री राजन मल्होत्रा ने बताया कि सेवा भारती द्वारा अब तक आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनों में 113 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जा चुका है। इसी क्रम में इस वर्ष दसवां सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल 2026, रविवार, अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर, मालवीय नगर, अलवर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में पूज्य विजय मुनि जी महाराज एवं श्री श्री 108 गंगा दास वेदांती जी महाराज (अयोध्या धाम) का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। समिति की ओर से विवाह में शामिल प्रत्येक जोड़े को घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी, जिससे नवविवाहित दंपतियों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत में सहयोग मिल सके। प्रेस वार्ता में प्रांत सह-मंत्री महेश गोयल ने सेवा भारती की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए संगठन की सामाजिक भूमिका और उद्देश्य को रेखांकित किया। प्रेस वार्ता के पश्चात राम-जानकी सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर हरमीत सिंह, मेहंदीरत्ता (अध्यक्ष, राम-जानकी विवाह समिति), अतुल सिंह (अध्यक्ष, सेवा भारती समिति), अशोक आहूजा (संयोजक, विवाह समिति), ममता त्यागी (महिला प्रमुख), कुमकुम गुप्ता सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, निवेदक, सेवा भारती समिति, के द्वारा दी गई।

## मेहनत, ईमानदारी, माता-पिता, गुरुजनों के आज्ञाकारी और अच्छी संगत सफलता की कुंजी - नितिन सांगवान




जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** मेहनत, ईमानदारी, माता-पिता, गुरुजनों का आज्ञाकारी और अच्छी संगत से मिलती है मंजिल यह बात सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान ने टपूकड़ा क्षेत्र स्थित विद्यालय के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में कही। सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान ने टपूकड़ा के विजडम वर्ल्ड और बी.वी.एम. विद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शिरकत की और 10वीं व 12वीं कक्षा में जिले में अच्छी रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर नितिन सांगवान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता पाने के लिए विद्यार्थी को अपने जीवन में चार बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए सबसे पहले जरूरी है मेहनत। हमेशा मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करें किस्मत के भरोसे ने रहे क्योंकि किस्मत वालों को उतना ही मिलता है जितना मेहनत करने वाले छोड़कर जाते हैं। मेहनत का फल आज नहीं तो कल अवश्य मिलेगा। दूसरा ईमानदारी उन्होंने कहा कि जीवन तो सभी जीते हैं लेकिन जो ईमानदारी से जीवन जीता है वह हमेशा सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों के अंदर एक गुण बहुत ही आवश्यक है वह अपने माता-पिता, गुरुजन, गांव और समाज के बुजुर्गों के प्रति आज्ञाकारी बने। इस डिजिटल युग में जीवन जीने का सही तरीका माता-पिता गुरु और बुजुर्गों से ही प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अच्छे गुण प्राप्त करने के लिए हमेशा अच्छे लोगों का साथ अपनाये बुरे लोगों से दूर रहें क्योंकि जैसे व्यक्ति के साथ बैठेंगे वैसा ही गुण अपने अंदर आएंगे। सफल बनने के लिए जीवन में यह चार बातें जरूर अपनाएं। उन्होंने कहा कि सफल होने के बाद आपको देश के लिए कुछ करने का कोई अवसर मिले तो पीछे नहीं हटना चाहिए। इस अवसर पर तिजारा पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, स्कूल चैयरमैन वेद प्रकाश यादव, डायरेक्टर अनूप यादव सहित शिक्षक, विद्यार्थी और काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली गति, शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

### खोहरी, खापरिया व खोहर गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में डॉ. मोहित जसवंत यादव की सक्रिय सहभागिता

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित विकास एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर आमजन के साथ सहभागिता की। बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव की अनुशंसा पर क्षेत्र में लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए विकास कार्यों के लोकार्पण एवं कार्यारंभ अवसरों पर उनकी उपस्थिति रही। खोहरी गांव में 16 लाख रुपये की लागत से 3 फेस बोरिंग कार्य के शुभारंभ अवसर पर डॉ. मोहित जसवंत यादव ने ग्रामीणों से संवाद किया और जल आपूर्ति से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को जनहितकारी बताया। इस अवसर पर राजेन्द्र के घर से हरलाल पंच के घर की ओर सी.सी. सड़क निर्माण तथा खोहरी गांव की मैन रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की घोषणा भी की गई, जिससे ग्रामीणों को आवागमन एवं सुरक्षा में सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में खापरिया गांव में पीएचईडी विभाग द्वारा 34.81 लाख रुपये की लागत से 3 फेस बोरिंग तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा 60 लाख रुपये की स्वीकृति से तसींग से खापरिया सड़क नवीनीकरण कार्य के अवसर पर भी डॉ. मोहित जसवंत यादव उपस्थित रहे। विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में विकास योजनाएं तेज गति से आगे बढ़ रही हैं, जिससे जनता में संतोष और विश्वास का माहौल है। इसके बाद डॉ. मोहित जसवंत यादव खोहर गांव पहुंचे, जहां शौर्य चक्र से सम्मानित अमर वीर शहीद सरदार सिंह राघव एवं दिलीप सिंह राघव के स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीदों के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान समाज और राष्ट्र का नैतिक दायित्व है। डॉ. मोहित जसवंत यादव ने युवाओं से 8 फरवरी 2026 को अलवर में आयोजित अलवर टाइगर मैराथन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान भी किया। कार्यक्रमों में पुलिस उपमहानिरीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई, भाजपा मंडल अध्यक्ष, सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नर्सेज एसोसिएशन जिलाध्यक्ष पद पर पुष्पराज शर्मा निर्विरोध नियुक्त

### आईएमए हॉल, सामान्य चिकित्सालय अलवर में परिचय सम्मेलन एवं पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** नर्सेज एसोसिएशन एवं कर्मचारी महासंघ का परिचय सम्मेलन एवं पौष बड़ा कार्यक्रम इ्रू हॉल, सामान्य चिकित्सालय अलवर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नर्सेज की विभिन्न समस्याओं एवं संगठनात्मक चुनाव संबंधी मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित नर्सेज साथियों द्वारा जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराने के स्थान पर निर्विरोध मनोनयन का सुझाव रखा गया। इस पर उपस्थित सैकड़ों नर्सेज साथियों ने सर्वसम्मति से पुष्पराज शर्मा को नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पद पर निर्विरोध मनोनीत किए जाने का प्रस्ताव पारित किया। नर्सेज साथियों ने पुष्पराज शर्मा के पिछले चार वर्षों के कार्यकाल, संगठन के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका एवं कर्मचारियों के हित में किए गए प्रयासों को ध्यान में रखते हुए उनके नाम का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। उल्लेखनीय है कि पुष्पराज शर्मा वर्तमान में राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (भामस) के जिलाध्यक्ष पद पर भी पदासीन हैं। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज अलवर सहित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नर्सेज साथी उपस्थित रहे और सभी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## भगवान राम को जन-जन तक पहुंचाने वाले महर्षि वाल्मीकि ही हैं- पंडित




### महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण : मंत्रोच्चार और अन्नकूट के साथ श्रद्धापूर्वक हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अपना घर शालीमार स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में रविवार को महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण किया गया। मंदिर के पुजारी पं. मुरलीधर शर्मा, पं अश्वनी, भूपेन्द्र शर्मा, संजय शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, पं रवि शर्मा ने विधिवत रूप से मंत्रोच्चार कर इसका अनावरण किया। इस अवसर पर अपना घर शालीमार के डायरेक्टर अशोक सैनी ने बताया कि इस उपलक्ष्य में विशाल अन्नकूट भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। हजारों की संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महर्षि के आदर्शों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना था। देश के सबसे पवित्र काव्यों में से एक रामायण महाकाव्य की रचना की थी। इसके अलावा कहा जाता है कि महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही माता सीता ने अपने दोनों पुत्र लव-कुश को जन्म दिया था। इसके अलावा महर्षि वाल्मीकि ने भगवान राम के दोनों पुत्रों को शिक्षित भी किया था। उन्होंने ही लव-कुश को शस्त्र चलाना सिखाया था। भगवान राम का नाम सभी कष्टों से मुक्ति दिलाने वाला, जीवन को आनंदमय बनाने वाला व भव सागर से पार उतारने वाला है। भगवान राम को जन-जन तक पहुंचाने वाले महर्षि वाल्मीकि ही हैं। वहीं कार्यक्रम में त्रेहान ग्रुप के पुरे स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा, श्रीं श्याम मोरछड़ी मित्र मण्डल शालीमार के सेवादार एवं सभी श्याम प्रेमियों द्वारा प्रसाद वितरण में सेवा प्रदान की गई।


## रजिस्ट्री विभाग की कमाई ने आसमान छुआ, सोना चांदी में नहीं जमीन में इन्वेस्ट करने में लोगों की ज्यादा दिलचस्पी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के लोग सोने चांदी में नहीं बल्कि जमीन में इन्वेस्ट करने में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं यही वजह है कि दिसंबर में रजिस्ट्री विभाग को जबरदस्त इनकम हुई है। दिसंबर के महीने में ही रजिस्ट्री विभाग को 1113 करोड रुपए की रिकॉर्ड इनकम हुई है जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में लोगों ने सोने चांदी की तुलना में जमीन में ज्यादा इन्वेस्ट किया है जिसकी वजह से करीब 9570 करोड रुपए की इनकम रजिस्ट्री विभाग को हुई हालांकि सरकार की ओर से विभाग को जो लक्ष्य दिया गया था उस लक्ष्य को विभाग पूरा नहीं कर पाया लेकिन अब पिछले दिसंबर महीने में ही रजिस्ट्री विभाग को जबरदस्त इनकम हुई है। उसके बाद यह माना जा रहा है कि वर्ष 2026 में रजिस्ट्री विभाग इनकम के सारे रिकॉर्ड तोड़ सकता है क्योंकि प्रदेश के लोगों में इन दोनों सोने चांदी की तुलना में जमीन में इन्वेस्ट करने का प्रचलन ज्यादा हो रहा है इसलिए आने वाले महीने कमाई के हिसाब से और भी शानदार साबित हो सकते हैं जानकार लोगों का कहना है कि वर्तमान में सोने चांदी की कीमतों में काफी उथल-पुथल हो रहा है कीमतों में भारी मात्रा में हो रहे उथल-पुथल की वजह से लोग सोने चांदी में इन्वेस्ट करने में खुद को सहज महसूस नहीं कर रहे लेकिन लोगों की सोच है की जमीन में इन्वेस्ट करने से उनका इन्वेस्ट सैफ और ज्यादा फायदेमंद साबित होगा क्योंकि जमीन के भाव कम होने की वजह है दिनों दिन तेजी से बढ़ेंगे ही इसलिए लोग सोने चांदी के भाव में लगातार हो रहे उथल-पुथल से सोने चांदी में इन्वेस्ट करने में कम दिलचस्पी ले रहे हैं यही वजह है कि पिछले कुछ महीनो में रजिस्ट्री विभाग की कमाई में जबरदस्ती वृद्धि हुई है। हालांकि पिछले वर्ष सितंबर महीने में रजिस्ट्री विभाग की अच्छी कमाई हुई थी लेकिन अक्टूबर महीने में कमाई डाउन रही अब पिछले दिसंबर महीने में रजिस्ट्री विभाग की कमाई ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और दिसंबर महीने में ही 1113 करोड रुपए की कमाई कर ली वजह यही है कि पिछले कुछ महीनो से सोने चांदी के भाव में रोजाना उथल-पुथल हो रही है जिसकी वजह से लोग सोने चांदी की तुलना में जमीनों में ज्यादा इन्वेस्ट करने में व्यस्त हैं।

## बयाना विधायक रितु और पूर्व विधायक बच्चू बंसीवाल के बीच जोरदार लड़ाई, दोनों ने देख लेने की धमकी दी

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(का.सं.)।** भरतपुर जिले के रूपवास में बसंत पशु मेले में बयाना की मौजूदा विधायक रितु और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक बच्चू बंसीवाल के बीच मंच पर ही आपस में जोरदार कहा सुनी हो गई दोनों नेताओं कहा सुनी हो गई मंच पर बयान विधायक के पति ऋषि भी मौजूद थे इसलिए दोनों ही पक्ष की ओर से एक दूसरे के लिए अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया गया जिन्हें सुनकर लोग काफी हैरान रह गए। काफी देर तक कहा सुनी और बहस होती रही और इस दौरान दोनों ने ही एक दूसरे को देख लेने की धमकी भी दे डाली बाद में पुलिस के बड़े अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के लोगों को शांत करवाया। हालांकि पत्रकारों से बातचीत के दौरान बयाना विधायक ने यह तो स्वीकार किया कि मंच पर उनकी पूर्व विधायक बंसीवाल से कहा सुनी हुई लेकिन उन्होंने कहा कि मामला शांत हो गया था और मेले की कार्रवाई दोबारा से सुचारू पूर्वक शुरू हो गई थी यह कोई इतना बड़ा मामला नहीं है लेकिन वास्तविकता यह थी कि मंच पर जिस तरह से इस लड़ाई में शामिल दिग्गज लोगों ने एक दूसरे के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और आपस में देख लेने की धमकी दी और कई देर तक आपस में गुस्से में एक दूसरे को आंख दिखाते रहे। उस दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद सैकड़ो लोग काफी परेशान और चिंतित हो गए क्योंकि जब जनप्रतिनिधि आपस में इस तरह से सरेआम कॉलेज के छात्रों की तरह आपस में लड़े तो फिर लोगों का जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वास और भरोसा अपने आप ही कमजोर होता है इसलिए वहां मौजूद पुलिस के बड़े अधिकारियों ने भी यह सोच लिया था कि अगर बीच बचाव नहीं किया जाएगा तो यह मामला और भी विकराल बन जाएगा इसलिए वहां मौजूद पुलिस के बड़े अधिकारियों ने खुद इस पूरे मामले को बीच बचाव करके शांत करवाया।

## बेखौफ लुटेरे सिर्फ 8 सेकंड में 5 लाख रुपए से भरा बैग लूट ले गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जोधपुर के बोरानाडा थाना इलाके में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने सिर्फ 8 सेकंड में ही लूट की वारदात को अंजाम दे दिया जानकारी के अनुसार शनिवार की रात बोरानाडा औद्योगिक क्षेत्र में पीड़ित व्यापारी अपनी दुकान को बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहा था उसने अपना 5 लाख रुपए से भरा बैग अपनी स्कूटी के अगले हिस्से पर रख दिया और अपनी दुकान को मंगल करवा रहा था तभी बाइक पर सवार लुटेरे तुरंत वहां आते हैं और बिजली कि रफ्तार से स्कूटी से रूपों से भरा बैग उठाकर फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी ने तुरंत पुलिस को सूचित किया पुलिस ने आसपास के इलाके में कड़ी नाकाबंदी भी की लेकिन खबर लिखे जाने तक लुटेरों के बारे में पुलिस के पास किसी भी तरह की कोई ठोस जानकारी नहीं थी हालांकि पुलिस घटना स्थल के आसपास के इलाके के सीसीटीवी कैमरा का रिकॉर्ड चेक करके बदमाशों की मोटरसाइकिल के नंबर हासिल करने का प्रयास कर रही है लेकिन इस लूट के मामले में पुलिस के हाथ खबर लिखे जाने तक खाली थे पुलिस का मानना है कि जिस अंदाज में और जिस फुर्ती से बदमाशों ने इस लूट की वारदात को अंजाम दिया है उसको देखकर ऐसा लगता है कि बदमाशों ने पहले से ही रेकी की हुई थी व्यापारी कितने बजे दुकान बंद करता है और कैसे और किस तरह से अपने घर जाता है

# गहलोत और देवनानी के बीच जुबानी जंग छिड़ी : बजट सत्र में उठेगा विधायकों के प्रश्न पूछने का मामला

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा सचिवालय की ओर से हाल ही में विधायकों के प्रश्न पूछे जाने संबंधी विषय पर जारी किए गए दिशा निर्देश पर कांग्रेस पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं ने जोरदार आपत्ति जताई है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि विधानसभा के अध्यक्ष की ओर से विधायकों के प्रश्न पूछे जाने जैसे विषय पर कटौती करके एक तरफ जहां संवैधानिक नियमों और लोकतंत्र पर कैंची चलाई गई है तो दूसरी तरफ विधायकों के अधिकारों पर भी प्रहार किया गया है जो उचित नहीं है। इस संबंध में प्रतिपक्ष के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली जैसे बड़े नेताओं ने प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए राजस्थान विधानसभा के स्पीकर वासुदेवदेवनानी के निर्णय पर सवाल खड़े किए हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि आगामी विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस पार्टी इस विषय को बहुत ही जोरदार तरीके से सदन में उठाने वाली है हालांकि बजट सत्र में सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने पहले ही कई तरह के ज्वलंत मुद्दे अपनी रणनीति में शामिल कर लिए हैं। अब जिस तरह से राजस्थान विधानसभा सचिवालय की ओर से राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र से ठीक पहले विधायकों के प्रश्न पूछे जाने संबंधी विषय पर एक के बाद एक विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए उनको लेकर गहलोत और टीकाराम जूली ही नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी के तमाम मौजूदा विधायक भी काफी नाराज है। इसलिए आगामी बजट सत्र और भी हंगामेदार हो सकता है राजस्थान विधानसभा सचिवालय की ओर से हाल ही में जारी किए गए दिशा निर्देश पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर स्पीकर वासुदेव देवनानी के निर्णय पर सवाल खड़े करते हुए कहा था कि न जाने वासुदेव देवनानी ने किसकी सलाह पर यह निर्णय लिया है गहलोत ने स्पीकर की ओर से जारी दिशा निर्देश पर आपत्ति जताते हुए कहा कि विधायक सिर्फ अपने क्षेत्र का ही विधायक नहीं होता बल्कि पूरे प्रदेश का प्रतिनिधि होता है इसलिए विधायकों के प्रश्न पूछे जाने जैसे विषय पर जिस तरह के दिशा निर्देश विधानसभा की ओर से जारी किए गए हैं उनसे लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्थाओं को कमजोर करने और अपमानित करने का प्रयास किया गया है। गहलोत के इस बयान के बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने रविवार को बाकायदा संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया और अशोक गहलोत पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि अशोक गहलोत काफी सीनियर नेता है प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं ज्यादा नहीं अगर वह अपने पिछले कार्यकाल के विधानसभा सत्र के शुरू के बुलेटिन पढ़ ले तो उन्हें पता चल जाएगा कि कौन संवैधानिक प्रक्रियाओं और लोकतंत्र का अपमान कर रहा है उन्होंने कहा कि आज गहलोत ने आज तो राजस्थान विधानसभा के दिशा निर्देश पर सवाल खड़े कर रहे हैं लेकिन पिछले उनके कार्यकाल में जब डॉक्टर सीपी जोशी राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष हुआ करते थे उस समय उनकी ओर से जो फैसले और निर्णय लिए गए जरा उन पर भी उन्हें गौर करना चाहिए देवनानी ने कहा कि उन्होंने अपने अधिकार और विधानसभा और संविधान के नियमों के अनुसार ही निर्णय लिया है और कार्य किया है उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत का वह काफी सम्मान करते हैं लेकिन गहलोत को वर्ष 2020 के विधानसभा अध्यक्ष के बुलेटिन भी पढ़ लेंगे तो उन्हें अपने आप सवाल का जवाब मिल जाएगा।

## गोविंद सिंह डोटासरा और महेंद्रजीत सिंह मालवीय के बीच मुलाकात, बांसवाड़ा में जल्दी होगी विशाल सभा

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(का.सं.)।** आदिवासी क्षेत्र के लोकप्रिय और मजबूत नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय खुद को कांग्रेस में शामिल होना मान रहे हैं हालांकि उनकी आधिकारिक रूप से खबर लिखे जाने तक कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई थी लेकिन रविवार को एक बार फिर से महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष से गोविंद सिंह डोटासरा से जयपुर में मुलाकात की है दोनों नेताओं के बीच आदिवासी क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने जैसे विषय पर गंभीरता से बातचीत हुई है जानकारी के अनुसार महेंद्रजीत सिंह मालवीया बांसवाडा में बहुत जल्दी ही एक बड़ी सभा का आयोजन करने वाले हैं और ऐसा माना जा रहा है कि इस सभा में ही कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की ओर से मालवीय को कांग्रेस में दोबारा से शामिल किए जाने की घोषणा कर सकते हैं क्योंकि मालवीय इस सभा की तैयारी में युद्ध स्तर पर जुट गए हैं पार्टी के सभी बड़े नेताओं को आमंत्रित भी कर रहे हैं मालवीय का कहना है कि उनके साथ वे नेता जो कांग्रेस छोड़कर गए थे सभी नेता दोबारा से कांग्रेस में शामिल होंगे इसलिए मालवीय की बांसवाड़ा की इस सभा में ही हजारों लोगों की मौजूदगी के बीच फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल के जाने की घोषणा हो सकती है। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक भी हुई थी जिसमें कांग्रेस पार्टी के आधा दर्जन से ज्यादा बड़े नेताओं के फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल किए जाने जैसे विषय पर चर्चा हुई थी जिसमें महेंद्रजीत सिंह मालवीय भी शामिल हैं हालांकि मालवीय को पूरा भरोसा है कि राजस्थान कांग्रेस और दिल्ली में बैठे कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेता उन्हें फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल करने के लिए करीब करीब राजी हो गए हैं इसीलिए मालवीय पत्रकारों से बातचीत के दौरान खुद को कांग्रेस पार्टी का सिपाही बताते हैं और कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती देने की बात कहते हैं मालवीय लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी में रहे हैं निश्चित रूप से मालवीय बांगड़ क्षेत्र के मजबूत और लोकप्रिय नेता माने जाते हैं इसी का परिणाम है कि मालवीय पूर्व में सांसद रह चुके हैं, चार बार विधायक रह चुके हैं, गहलोत सरकार में मंत्री रह चुके हैं, प्रधान रह चुके हैं, उनकी पत्नी भी प्रधान रह चुकी हैं, कांग्रेस पार्टी में रहने के दौरान मालवीय ने बांसवाड़ा और डूंगरपुर तथा प्रतापगढ़ में कई बड़ी-बड़ी जनसभाओं का आयोजन करवा कर अपनी और कांग्रेस पार्टी की लोकप्रियता को कई बार जग जाहिर भी कर चुके हैं। इन सभी बड़ी सभाओं में सोनिया गांधी राहुल गांधी जैसे नेता शामिल हुए थे इसीलिए मालवीय को फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल करने के लिए कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार ने भी अपनी सहमति प्रदान कर दी है। कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार यह जानता है कि मालवीय के दोबारा से कांग्रेस पार्टी में आने की वजह से बांगड़ क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी प्रदेश में भजनलाल की सरकार के गठन के बाद महेंद्र सिंह मालवीय प्रतिपक्ष का नेता बनना चाहते थे लेकिन टीकाराम जूली के प्रतिपक्ष का नेता बन जाने के बाद उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन कर ली थी। भाजपा ने उन्हें डूंगरपुर बांसवाड़ा से लोकसभा का टिकट भी दिया लेकिन मालवीय चुनाव हार गए थे अब मालवीय फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं मालवीय का कहना है कि क्षेत्र के लोग उन्हें कांग्रेस पार्टी में ही देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में रहने के दौरान उनके खुद के व्यक्तिगत कार्य तो हो रहे थे लेकिन क्षेत्र के लोगों के कार्य नहीं हो रहे थे इसीलिए उन्होंने क्षेत्र के लोगों के कल्याण और भलाई के लिए फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं।

## बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के वोट कटने की आशंका से डरी हुई है कांग्रेसः बालमुकुंद आचार्य

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य ने कांग्रेस नेताओं द्वारा एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दिए जा रहे बयानों को निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर भारत की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग द्वारा निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची से बाहरी व्यक्ति, मृत व्यक्ति और डुप्लीकेट नामों को हटाना है। आचार्य ने कहा कि राजस्थान में इसी चुनाव आयोग ने उपचुनाव भी पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए हैं, जिनमें भाजपा और कांग्रेस को भी जनादेश मिला। यदि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण भूमिका होती, तो कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा बार-बार झूठे और व्यर्थ के आरोप लगाने से कोई लाभ नहीं होने वाला। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि एसआईआर का विरोध दरअसल बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के वोट कटने की आशंका से उपजा है। यही कारण है कि कांग्रेस में बौखलाहट है। उन्होंने कहा कि जो लोग अवैध रूप से यहां रहकर मुफ्त राशन और योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई से कांग्रेस को आपत्ति क्यों है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठाना गलत है। भाजपा अपने काम और सेवा के दम पर जनविश्वास प्राप्त करती है। यदि किसी के पास दस्तावेज है तो वो चुनाव आयोग में पेश करें, किसी का नाम नहीं कटेगा। उन्होंने कांग्रेसी नेताओं से अपील की कि मतदाता सूची को शुद्ध करने में सहयोग करें अन्यथा, फर्जी मतदाताओं का समर्थन करना देशहित के खिलाफ है। कांग्रेस द्वारा चुनाव आयोग पर आरोप लगाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए विधायक ?स्वामी बाल मुकुंदाचाय महाराज ने 1977 की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस को अपने इतिहास पर भी जवाब देना चाहिए। उन्होंने हवामहल विधानसभा क्षेत्र के उदाहरण देते हुए कहा कि कई स्थानों पर कागजों में दर्ज मतदाता वास्तविकता में मौजूद ही नहीं हैं– एक 50 गज के मकान नंबर 333 में 39 लोगों का दर्ज होना, जबकि मौके पर कोई नहीं रहता। इसी प्रकार मकान नंबर 572 में 65 लोगों का नाम दिखाना, जबकि मौके पर एक भी नहीं। 105 से 107 वर्ष की आयु वाली माताओं के नाम दर्ज है जबकि मौके पर कोई है ही नहीं। ये गंभीर त्रुटियां कांग्रेस काल के फर्जीवाड़े की ओर इशारा करती हैं। विधायक आचार्य ने दोहराया कि नाम काटने का अधिकार किसी नेता का नहीं, बल्कि चुनाव आयोग की प्रक्रिया का हिस्सा है। यदि कोई व्यक्ति वैध दस्तावेज प्रस्तुत करता है, तो उसका नाम नहीं कटेगा। फर्जी मतदान, एक व्यक्ति का कई राज्यों में वोटर होना, या बाहरी लोगों द्वारा गलत तरीके से लाभ लेना ये सभी लोकतंत्र के खिलाफ हैं और इन्हें ठीक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई बेटियां विवाह के बाद जहां जाती हैं, वहां उनका नाम जुड़ना चाहिए और जो बहुएं यहां आती हैं, उनका नाम यहां जुड़ना चाहिए, यह स्वाभाविक और वैधानिक प्रक्रिया है।

## पश्चिम बंगाल में बीएलओ परघुसपैठियों के नाम ना हटाने का दबाव, पंजाब में मीडिया की आवाज दबा रही सरकारः राठौड़

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली प्रवास के दौरान पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार और पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार लोकतंत्र, प्रशासनिक ईमानदारी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का काम कर रही है। राठौड़ ने कहा कि जादवपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 110 पर तैनात बूथ लेवल ऑफिसर अशोक दास की आत्महत्या लोकतंत्र की हत्या है। वार्ड नंबर 109 की टीएमसी नेता अनन्या बनर्जी और राजू बिस्वास द्वारा अशोक दास पर अवैध मतदाताओं–रोहिंग्या एवं घुसपैठियों– के नाम मतदाता सूची से न हटाने का दबाव बनाया गया। ऐसा न करने पर उन्हें एवं उनके परिवार को जान से मारने की धमकियाँ दी गईं। ऐसे में लगातार मानसिक प्रताड़ना और भय के वातावरण के कारण अशोक दास ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया, जिसकी भाजपा कड़ी निंदा करती है। राठौड़ ने कहा कि आज बंगाल में टीएमसी का अर्थ बदल चुका है। टीएमसी मतलब तुष्टिकरण, माफिया एवं गुंडाराज और क्राइम कल्चर बन गया है। राठौड़ ने चाकुलिया (उत्तर दिनाजपुर) में बीडीओ कार्यालय में हुई हिंसा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जहां मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सुनवाई के दौरान भीड़ ने कार्यालय में आगजनी की और मशीनों को क्षतिग्रस्त किया। यह स्पष्ट रूप से लोकतंत्र की हत्या ही है। टीएमसी फर्जी आईडी रैकेट और घुसपैठियों के सहारे चुनाव जीतने के लिए चुनाव आयोग की पारदर्शी प्रक्रिया को बाधित कर रही है। राठौड़ ने कहा कि वहीं दूसरी ओर पंजाब की भगवंत मान सरकार मीडिया की आवाज़ दबाने का कार्य कर रही है। राठौड़ ने कहा कि बिना किसी नोटिस या वैधानिक आदेश के पंजाब केसरी समूह के बठिंडा एवं जालंधर (सूरानुसी) स्थित प्रिंटिंग प्रेस पर छापेमारी की गई, जहां पत्रकारों और कर्मचारियों के साथ मारपीट कर उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया। इतना ही नहीं, पंजाब में आप पार्टी की सरकार की आलोचना करने वाले यूट्यूबर्स और डिजिटल मीडिया पर एफआईआर दर्ज की जा रही है, विपक्षी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिजली काटना एवं सिग्नल जाम करना आम हो गया है। यह सीधे तौर पर लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को चोट पहुंचाना है। राठौड़ ने कहा कि पश्चिम बंगाल के अशोक दास आत्महत्या मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। दोषी टीएमसी नेताओं के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं पंजाब में मीडिया संस्थानों पर हो रहे दमन को तुरंत रोका जाए और प्रेस की स्वतंत्रता बहाल की जाए। इसके साथ ही पंजाब में सीमा सुरक्षा हेतु राज्य सरकार द्वारा भूमि न दिए जाने के रवैये की समीक्षा करने की मांग की। राठौड़ ने कहा कि ममता बनर्जी का बंगाल अब शोनार बांग्ला नहीं, बल्कि खूनी खेल का मैदान बन चुका है। भाजपा इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी। प्रेसवार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा उपस्थित रहे।

# सवाई माधोपुर में 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत की अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को सवाई माधोपुर में देश के पहले अमरूद महोत्सव का उद्घाटन किया मौके पर कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा और मंत्री गौतम कुमार भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिले ने इतिहास रचते हुए देश का पहला अमरूद महोत्सव आयोजित कर स्वयं को राष्ट्रीय कृषि मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई। पंच गौरव अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं कृषि-उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीकी मेला-2026 का भव्य शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में दशहरा मैदान में संपन्न हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के साथ फीता काटकर अमरूद प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शनी का सघन अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान अतिथियों ने गंभीरा गांव के राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान से सम्मानित किसान सहित अन्य किसानों के स्टॉल पर पहुँचकर अमरूद की विभिन्न उन्नत किस्मों–ललित, इलाहाबाद सफेद, श्वेता, सिस ललित सहित अन्य किस्मों की जानकारी ली। किसानों द्वारा अपनाई गई वैज्ञानिक तकनीकों, पैदावार और विपणन मॉडल को भी विस्तार से समझा गया। प्रदर्शनी के दौरान श्यामपुर के किसान ने बताया कि वे प्रति बीघा 6 से 7 लाख रुपये से अधिक का वार्षिक उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने अमरूद की एक विशेष किस्म सीएनआरसी आधारित उन्नत पौध से उत्पादन कर जिले के अन्य किसानों के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा किसान की मेहनत, नवाचार और जोखिम उठाने की क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण ही भारतीय कृषि का भविष्य तय करेंगे। नर्सरी सेक्शन में प्रदर्शित 25 से 30 प्रजातियों के अमरूद पौधों का अवलोकन करते हुए अतिथियों ने ब्लैक अमरूद की एंटीऑक्सीडेंट क्षमता, औषधीय गुणों और बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मांग की विशेष रूप से प्रशंसा की। विशेषज्ञों ने बताया कि ब्लैक अमरूद मधुमेह, हृदय रोग और इम्युनिटी बूस्टिंग के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे इसका वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है। प्रदर्शनी में स्थानीय उत्पादों की अलग ही चमक देखने को मिली। राम प्रसाद द्वारा तैयार अमरूद का हलवा, चटनी, बर्फी और अचार ने अतिथियों और आगंतुकों को खासा प्रभावित किया। इसके साथ ही सवाई माधोपुर के प्रसिद्ध पाँच प्रकार के अमरूद से बने जूस, बर्फी, जेली, कैंडी को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसने स्थानीय प्रसंस्करण क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान द्वारा विकसित सी.आई. एस. एच. ललित, सी.आई. एस. एच. श्वेता सहित अन्य किस्मों की जानकारी दी गई। सीफेट लुधियाना के वैज्ञानिकों ने अमरूद के प्रत्येक भाग के उपयोग से बनने वाले उत्पादों की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार छिलका, गूदा और बीज भी आय का स्रोत बन सकते हैं। झालावाड़, कोटा कृषि विश्वविद्यालय, हॉर्टिकल्चर ट्रेनिंग सेंटर कोटा, कृषि विज्ञान केंद्र सवाई माधोपुर सहित विभिन्न संस्थानों द्वारा तैयार अमरूद जूस, धनिया बर्फी, बाजरे के बिस्किट, अमरूद आधारित वैल्यू-एडेड उत्पाद का मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वाद परीक्षण किया और इन प्रयासों की सराहना की। कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने कहा कि महोत्सव में 250 से अधिक स्टॉल लगाकर किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, प्राकृतिक खेती, आधुनिक यंत्र और उच्च गुणवत्ता बीजों की जानकारी दी जा रही है, जिससे किसान उत्पादन बढ़ाकर आय में वृद्धि कर सकेंगे।

## कहानी

### प.पू. रामकृष्ण परमहंसजी

श्रीरामकृष्ण परमहंसजी कालीमाता के असीम भक्त थे । श्रीरामकृष्ण परमहंस भक्ति के आदर्श उदाहरण हैं । कालीमाता ने भी उनपर कितना और कैसे प्रेम किया ?, यह भक्तिमय प्रसंग आज हम सुनेंगे ।

श्रीरामकृष्ण परमहंसजी काली माता के मंदिर के पुजारी थे । वे प्रतिदिन देवी की पूजा करते थे; परंतु उन्हें कभी देवी के दर्शन नहीं हुए थे । एक बार उन्हें ऐसा लगा कि 'यदि देवी यहीं हैं, तो वे मुझे दर्शन क्यों नहीं देतीं ?' तब वे देवी के दर्शन हेतु व्याकुल होकर प्रार्थना करने लगे । वे देवी को प्रार्थना करते थे कि "हे देवी, आप वास्तव में यदि यही हैं, तो मैं आपका रूप क्यों नहीं देख सकता ?"

एक दिन ऐसा आया कि श्रीरामकृष्णजी देवी के सामने उनका स्मरण कर पूजा कर रहे थे । देवी के दर्शन न होने के कारण वे कहने लगे कि 'यदि मुझे देवी के दर्शन नहीं होते, तो मेरे जीवन का क्या अर्थ है ? मुझे यह जीवन ही नहीं चाहिए ।' ऐसा बोलकर उन्होंने देवी के हाथ में स्थित शस्त्र उठा लिया और वे स्वयंपर वार करने ही वाले थे कि इतने में मूर्ति से साक्षात कालीमाता प्रकट हुईं ! भगवान का स्मरण व्याकुलता से करने पर भगवान स्वयं प्रकट होते है, यह हमने भक्त प्रल्हाद, रामकृष्ण परमहंस इनसे सीखे है । आप भी ऐसे प्रयास कर भगवान की अनुभूति ले सकते हैं ।

इस प्रसंग के उपरांत रामकृष्ण परमहंसजी में देवी के प्रति भक्ति और अधिक बढ गई । वे देवी के अनन्य भक्त थे । रामकृष्ण कभी अपनी चिंता नहीं करते थे । जैसे छोटा बालक अपनी माता से सबकुछ मांग लेता है, उसी प्रकार रामकृष्णजी माता से सबकुछ मांगते थे । वे प्रत्येक कृत्य देवी की आज्ञा से ही करते थे । देवी काली उनकी माता ही थी । उनके पास माता की छोटी मूर्ति थी जिससे वे सदैव बातें करते थे । वे देवी को भोजन खिलाते और देवी भी उसे ग्रहण कर लेतीं ।

जब रामकृष्णजी काली माता के अनुसंधान में रहते अर्थात उनका अखंड स्मरण करते थे, तब वे देहभान भूल इतना आनंदित होकर नाचते-गाते थे कि कभी कभी वे अचेत हो जाते । इस प्रकार उनकी उच्च स्तर की भाव की अवस्था रहती थी; परंतु उनकी जीवनशैली तो लोगों को पागलों के जैसी लगती थी । एक बार एक व्यक्ति ने उनसे पूछा, "आप ऐसा कहते हैं कि देवी हर एक वस्तुमें, मनुष्यमें, और प्राणीमें है, तो आप इस छोटी सी मूर्ति को कालीमाता कैसे कहते हैं ?" उस समय रामकृष्णजी ने उससे पूछा, "सूर्य पृथ्वी से कितना बडा है ?" उस व्यक्ति ने यह उत्तर दिया, "सूर्य पृथ्वी से 9 लाख गुना बडा है ।" तब रामकृष्णजी ने उसे पूछा, "वह इतना बडा होते हुए भी हमें इतना छोटा क्यों दिखाई देता है ?" उस व्यक्ति ने उत्तर दिया, "सूर्य भले ही पृथ्वी से 9 लाख गुना बडा हो; परंतु वह हम से बहुत दूर है; इसलिए वह हमें इतना छोटा दिखाई देता है ।" इसपर रामकृष्ण परमहंसजी बोले, "इसी प्रकार काली माता आपसे बहुत दूर है; इसलिए वे आपको छोटी दिखती हैं । मैं तो देवी के गोद में ही होता हूं; इसलिए वे मुझे बडी लगती हैं । आप उनकी ओर बाह्य दृष्टि से देखते हैं;

# सबक सिखाती अमेरिकी शिक्षा व्यवस्था

*इसलिए बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं। वास्तव में हर भारतीय माता-पिता चाहता है कि उनका बच्चा खूब पढ़े-लिखे। इसके लिए वे अपने सभी संसाधन दांव पर लगा देते हैं। कई बार तो अपना खेत तक बेच देते हैं। कर्ज भी लेना पड़े तो उसकी जिम्मेदारी खुद ही उठाते हैं। कुछ साल पहले जिनेवा में काम करने वाले एक ऐसे अमेरिकी से मिली थी, जो पचास साल से अधिक था, लेकिन अभी तक शिक्षा के लिए कर्ज को चुका रहा था। उसका कहना था कि वह इतने पैसे नहीं कमाता कि परिवार का बोझ भी उठा सके और शिक्षा के लिए जो कर्ज लिया था, उसकी किस्त भी हर महीने भर सके। अमेरिका में आमतौर पर दस से लेकर तीस वर्ष तक कर्ज की किस्तें भरनी पड़ती हैं। वहां कहा जाता है कि एक बार कर्ज के चक्कर में फंसे तो जीवन भर उसी में फंसे रहते हैं। कर्ज चुकाने में अधिक वर्ष लगने का आशय अधिक ब्याज चुकाना भी है। कल्पना करना कठिन नहीं कि क्यों अमेरिका में बहुत से बच्चे स्कूली शिक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं, क्योंकि उच्च शिक्षा के संसाधन जुटाना उनके वश का नहीं होता। इसलिए बहुत से युवा किसी न किसी काम में लग जाते हैं। जिस शिक्षा के बारे में कहा जाता है कि वह हर एक के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, वास्तव में ऐसा है नहीं। इन दिनों कृत्रिम मेधा यानी एआइ के आने के डर से अमेरिका में भी रोजगार के मौके लगातार कम हो रहे हैं। वहां बड़ी-बड़ी कंपनियां हजारों की संख्या में लोगों को नौकरी से निकाल रही हैं। इनमें से जो लोग अमेरिकी नागरिक नहीं हैं, वे रोजगार के लिए लगने वाले मेलों में अपना सीवी लेकर जा रहे हैं, तो उनसे पहला सवाल यही पूछा जा रहा है कि वे अमेरिकी नागरिक हैं या नहीं? न कहते ही उनका सीवी बिना देखे लौटा दिया जा रहा है। इनमें से अधिकांश वे लोग हैं, जो अमेरिका में ही पढ़े हैं। इनमें से बहुतों ने पढ़ने के लिए कर्ज भी लिया होगा। जब वहां रोजगार ही नहीं होगा, तो छात्र कर्ज की किस्तें कहां से चुकाएंगे? लगता है वहां जल्दी ही वह समय आएगा, जब बच्चे उच्च शिक्षा इसलिए लेना बंद कर देंगे, क्योंकि नौकरी की कोई गारंटी नहीं होगी। ऐसे में तब उन विश्वविद्यालयों का क्या होगा, जो मशहूर होने के नाम पर इतराते हैं और छात्रों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं। जब वहां छात्र पढ़ने ही नहीं आएंगे, तो वे कर्ज भी नहीं लेंगे। तब जाहिर है कि वे कंपनियां भी खत्म हो जाएंगी, जो कर्ज देती हैं।*

*अमेरिका के विपरीत भारतीय लोगों में परिवार के प्रति जो आस्था है, वह बेमिसाल है। यहां आज भी बहुत से परिवारों में तीन पीढ़ियां एक साथ रहती मिल जाएंगी। जबकि अमेरिका में यह संभव नहीं है। न केवल अमेरिका, बल्कि अनेक पश्चिमी देशों में यही हाल है। वहां अकेलेपन को एक गुलाबी तस्वीर की तरह प्रस्तुत किया जाता है। वहां बच्चे अकेले रहते हैं। बुढ़ापे में माता-पिता और दादा-दादी भी अकेले ही रहते हैं। पश्चिम में देखभाल को भी पैसे से जोड़कर केयर इकोनमी का नाम दिया गया है, लेकिन अपने यहां परिवार ही है, जो किसी आफत में सबसे पहले दौड़ता है।*



एक आंकड़े के अनुसार अमेरिका के निजी विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों में 61 प्रतिशत से लेकर 83 प्रतिशत तक छात्र कर्ज लेते हैं। जो कालेज निजी और सरकारी मदद, दोनों से चलते हैं, वहां 54 से 61 प्रतिशत और सरकारी संस्थान जिन्हें पब्लिक इंस्टीट्यूशन कहा जाता है, वहां भी 33 से 49 प्रतिशत छात्रों को कर्ज लेना पड़ता है। अमेरिकी शिक्षा विभाग की प्रमुख एजेंसी नेशनल सेंटर फार एजुकेशन स्टैटिस्टिक्स के अनुसार कर्ज की यह राशि हर साल बढ़ती ही जाती है। आज यह राशि अरबों में जा पहुंची है। इस पर लगाने वाले ब्याज की दर भी बहुत ज्यादा होती है। पिछले साल अमेरिका में हर छात्र के ऊपर 39,375 डालर का कर्ज था। वर्ष 2007 की तुलना में यह तीन गुना अधिक है। आम तौर पर वहां मध्य वर्ग के बच्चे कर्ज के बोझ से दबे रहते हैं। मैरीलैंड, जार्जिया, वर्जीनिया जैसे राज्यों के छात्र ज्यादा कर्ज लेते हैं। नौकरी के बाद वे लंबे समय तक कर्ज चुकाते रहते हैं। अधिकांश छात्र 35 से लेकर 49 साल की उम्र तक कर्ज चुकाते हैं। एक तरह से उम्र का बड़ा हिस्सा कर्ज चुकाने में ही निकल जाता है। इसी संदर्भ में हाल में विचारक एस. गुरुमूर्ति एक इंटरव्यू में बता रहे थे कि अधिकांश अमेरिकी बच्चे कर्ज लेकर पढ़ाई करते हैं। जबकि भारतीय लोग अपने परिवार को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं। वास्तव में हर भारतीय माता-पिता चाहता है कि उनका बच्चा खूब पढ़े-लिखे। इसके लिए वे अपने सभी संसाधन दांव पर लगा देते हैं। कई बार तो अपना खेत तक बेच देते हैं। कर्ज भी लेना पड़े तो उसकी जिम्मेदारी खुद ही उठाते हैं। कुछ साल पहले जिनेवा में काम करने वाले एक ऐसे अमेरिकी से मिली थी, जो पचास साल से अधिक था, लेकिन अभी तक शिक्षा के लिए कर्ज को चुका रहा था। उसका कहना था कि वह इतने पैसे नहीं कमाता कि परिवार का बोझ भी उठा सके और शिक्षा के लिए जो कर्ज लिया था, उसकी किस्त भी हर महीने भर सके। अमेरिका में आमतौर पर दस से लेकर तीस वर्ष तक कर्ज की किस्तें भरनी पड़ती हैं। वहां कहा जाता है कि एक बार कर्ज के चक्कर में फंसे तो जीवन भर उसी में फंसे रहते हैं। कर्ज चुकाने में अधिक वर्ष लगने का आशय अधिक ब्याज चुकाना भी है। कल्पना करना कठिन नहीं कि क्यों अमेरिका में बहुत से बच्चे स्कूली शिक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं, क्योंकि उच्च शिक्षा के संसाधन जुटाना उनके वश का नहीं होता। इसलिए बहुत से युवा किसी न किसी काम में लग जाते हैं। जिस शिक्षा के बारे में कहा जाता है कि वह हर एक के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, वास्तव में ऐसा है नहीं। इन दिनों कृत्रिम मेधा यानी एआइ के आने के डर से अमेरिका में भी रोजगार के मौके लगातार कम हो रहे हैं। वहां बड़ी-बड़ी कंपनियां हजारों की संख्या में लोगों को नौकरी से निकाल रही हैं। इनमें से जो लोग अमेरिकी नागरिक नहीं हैं, वे रोजगार के लिए लगने वाले मेलों में अपना सीवी लेकर जा रहे हैं, तो उनसे पहला सवाल यही पूछा जा रहा है कि वे अमेरिकी नागरिक हैं या नहीं? न कहते ही उनका सीवी बिना देखे लौटा दिया जा रहा है। इनमें से अधिकांश वे लोग हैं, जो अमेरिका में ही पढ़े हैं। इनमें से बहुतों ने पढ़ने के लिए कर्ज भी लिया होगा। जब वहां रोजगार ही नहीं होगा, तो छात्र कर्ज की किस्तें कहां से चुकाएंगे? लगता है वहां जल्दी ही वह समय आएगा, जब बच्चे उच्च शिक्षा इसलिए लेना बंद कर देंगे, क्योंकि नौकरी की कोई गारंटी नहीं होगी। ऐसे में तब उन विश्वविद्यालयों का क्या होगा, जो मशहूर होने के नाम पर इतराते हैं और छात्रों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं। जब वहां छात्र पढ़ने ही नहीं आएंगे, तो वे कर्ज भी नहीं लेंगे। तब जाहिर है कि वे कंपनियां भी खत्म हो जाएंगी, जो कर्ज देती हैं। अमेरिका के विपरीत भारतीय लोगों में परिवार के प्रति जो आस्था है, वह बेमिसाल है। यहां आज भी बहुत से परिवारों में तीन पीढ़ियां एक साथ रहती मिल जाएंगी। जबकि अमेरिका में यह संभव नहीं है। न केवल अमेरिका, बल्कि अनेक पश्चिमी देशों में यही हाल है। वहां अकेलेपन को एक गुलाबी तस्वीर की तरह प्रस्तुत किया जाता है। वहां बच्चे अकेले रहते हैं। बुढ़ापे में माता-पिता और दादा-दादी भी अकेले ही रहते हैं। पश्चिम में देखभाल को भी पैसे से जोड़कर केयर इकोनमी का नाम दिया गया है, लेकिन अपने यहां परिवार ही है, जो किसी आफत में सबसे पहले दौड़ता है। भारतीय माता-पिता अपनी सुविधा छोड़कर बच्चों के सुख पर ध्यान देते हैं। ऐसा नहीं है कि अमेरिका में परिवार के महत्व को पहचाना नहीं जाता। अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर की पत्नी तो परिवार की वापसी का नारा 1993 से लगा रही हैं।

## सम्पादकीय

### निवेश नहीं बढ़ा तो जलवायु संकट और गहराएगा



जीवाश्म ईंधन के अंधाधुंध इस्तेमाल से बढ़ते जलवायु संकट के बीच पूरी दुनिया में स्वच्छ ईंधन की जरूरत महसूस की जाने लगी है। मगर इस दिशा में प्रयास बहुत कम हो रहे हैं। स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर योजनाएं तो बन रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की गति बेहद धीमी है, जबकि जीवाश्म ईंधन पर अब भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता तो है, लेकिन इससे निपटने के उपायों पर गंभीरता से काम नहीं हो पा रहा है।

विश्व आर्थिक मंच की ओर से हाल में जारी एक रपट में भी इसका उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ ईंधन से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वर्ष 2030 तक निवेश को चार गुना बढ़ा कर सालाना सौ अरब डालर करने की आवश्यकता है। जाहिर है कि अगर इस तरह की चेतावनियों और सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं।

गौरतलब है कि दुनिया भर में इस समय स्वच्छ ईंधन पर सालाना करीब पच्चीस अरब डालर ही निवेश हो रहा है। दरअसल, स्वच्छ ईंधन को लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन इससे संबंधित योजनाओं की लागत अधिक होने से कई देश पीछे हट जाते हैं।

वहीं सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहे विकसित देश खुद इसमें कटौती करने के बजाय छोटे और विकासशील देश पर नाहक दबाव बनाते रहे हैं। ऐसे में स्वच्छ ईंधन को साझा प्रयासों से प्रोत्साहित करने का वैश्विक लक्ष्य कहीं पीछे छूट जाता है। इसमें दोराय नहीं कि जलवायु संकट से निपटने की दिशा में स्वच्छ ईंधन अहम भूमिका निभा सकता है। इसके इस्तेमाल से उद्योगों और परिवहन क्षेत्र में बढ़ते उत्सर्जन को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। लिहाजा स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने के लिए न केवल भरोसेमंद और निवेश-योग्य परियोजनाएं बनानी होंगी, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू भी करना होगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर इस्तेमाल से पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। इस संकट से बचने के लिए स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा ही बेहतर विकल्प है।

# सनातन के गुप्त साधक थे नेताजी

*नेताजी ने लिखा कि आज विजया दशमी है और आज बंगाल में लोग अपने संबंधी, मित्र और यहां तक कि अपने शत्रुओं को भी प्रेम से गले लगाते होंगे। अपने मित्र दिलीप कुमार राय को नेताजी ने 5 मार्च, 1933 को चिट्ठी लिखा कि मैं शिव, काली और कृष्ण भक्ति के द्वंद्व में उलझा हुआ हूं। मैं यह मानता हूं कि ईश्वर एक है लेकिन ईश्वरीय पूजन विधि एवं परम्परा में भिन्नता भी है। उन्होंने लिखा कि शिव और शक्ति की आस्था के बीच झूल रहा हूं क्योंकि शिव आदि योगी हैं और काली जगन्माता हैं। नेताजी ने आगे लिखा कि पिछले चार-पांच वर्षों से मैं मंत्रशक्ति पर अत्यधिक विश्वास करने लगा हूं। मैंने अनुभव किया है कि मंत्रोच्चार में कुछ अलग शक्ति है और इससे एकाग्रता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। उन्होंने आगे लिखा कि खास मंत्र के लगातार उच्चारण से मस्तिष्क के खास भाग ऊर्जान्वित होते हैं। लेकिन मेरा झुकाव कभी शाक्त, कभी वैष्णव के प्रति बदलते रहने के कारण मैं मंत्रशक्ति का पूरा लाभ नहीं ले पाता हूं।*

भारतीय सांस्कृतिक एवं धार्मिक अवधारणाओं पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की गहरी आस्था थी। सनातन हिन्दू देवी-देवता पूजा पद्धति एवं धार्मिक रीति-रिवाजों पर उनका विश्वास था। उनके स्वतंत्रता संघर्ष एवं राजनीतिक अवधारणाओं पर भी हिन्दू धार्मिकता का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। हिन्दू सनातनी परिवार में जन्म लेने के कारण नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हमेशा हिन्दू धार्मिक संस्कारों से ओत-प्रोत रहे। नेताजी ने अत्यंत विश्वासपूर्वक कहा कि हिन्दूत्व और भारतीयता, दोनों एक ही तत्व है।



नेताजी ने प्रेसिडेंसी कॉलेज में अपना नामांकन करवाया। उनकी मित्र-मंडली में कई ऐसे लोग थे जो स्वयं को रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानन्द का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी मानते थे। नेताजी ने स्वयं लिखा कि कॉलेज आने के प्रथम दो वर्षों तक वे इन लोगों के प्रभाव में आकर बौद्धिक और नैतिक दृष्टि से प्रखरता प्राप्त कर रहे थे। उपदेशों के अतिरिक्त ये लोग सामाजिक सेवा को ही आध्यात्मिक विकास मानते थे। परन्तु नेताजी की दृष्टि में समाज सेवा का अर्थ स्कूल और अस्पताल का निर्माण तक ही सीमित नहीं था अपितु शैक्षणिक क्षेत्र में राष्ट्रीयता का विकास भी था। कॉलेज दिनों में नेताजी सार्वजनिक दूर्गा पूजा आयोजन में बहुत दिलचस्पी रखते थे। वर्मा के मांडले जेल से 26 दिसम्बर, 1925 को अपनी भाभी को भेजे एक पत्र में नेताजी के धार्मिक और आध्यात्मिक अवधारणाओं की स्पष्ट झलक मिलती है। पत्र में उन्होंने लिखा कि मुझे यह नहीं पता कि हमलोग कब तक जेल में रखे जाएंगे। लेकिन यदि साल में एक बार मां दुर्गा की पूजा और दर्शन का सौभाग्य मिल जाता है तो जेल काटना आसान हो जाता है। नेताजी ने लिखा कि दुर्गा माता में हमें मां और मातृभूमि के दर्शन होते हैं। 16 अक्टूबर, 1926 को अपने बड़े भाई को मां दुर्गा की पूजा का महत्व बताते हुए नेताजी ने पत्र में लिखा कि इससे हमें सात्विक एवं आध्यात्मिक सौंदर्य, बौद्धिक मनोरंजन और स्थायी धार्मिक सांत्वना भी मिलती है। नेताजी ने लिखा कि आज विजया दशमी है और आज बंगाल में लोग अपने संबंधी, मित्र और यहां तक कि अपने शत्रुओं को भी प्रेम से गले लगाते होंगे। अपने मित्र दिलीप कुमार राय को नेताजी ने 5 मार्च, 1933 को चिट्ठी लिखा कि मैं शिव, काली और कृष्ण भक्ति के द्वंद्व में उलझा हुआ हूं। मैं यह मानता हूं कि ईश्वर एक है लेकिन ईश्वरीय पूजन विधि एवं परम्परा में भिन्नता भी है। उन्होंने लिखा कि शिव और शक्ति की आस्था के बीच झूल रहा हूं क्योंकि शिव आदि योगी हैं और काली जगन्माता हैं। नेताजी ने आगे लिखा कि पिछले चार-पांच वर्षों से मैं मंत्रशक्ति पर अत्यधिक विश्वास करने लगा हूं। मैंने अनुभव किया है कि मंत्रोच्चार में कुछ अलग शक्ति है और इससे एकाग्रता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। उन्होंने आगे लिखा कि खास मंत्र के लगातार उच्चारण से मस्तिष्क के खास भाग ऊर्जान्वित होते हैं। लेकिन मेरा झुकाव कभी शाक्त, कभी वैष्णव के प्रति बदलते रहने के कारण मैं मंत्रशक्ति का पूरा लाभ नहीं ले पाता हूं। अक्टूबर, 2025 में नेताजी मांडले जेल में बंद थे और उसी समय दूर्गा पूजा होनेवाली थी। नेताजी ने जेल अधीक्षक मेजर फिंडले को आवेदन दिया कि उन्हें सनातनी ढंग से दुर्गा पूजा आयोजित करने की अनुमति दी जाए और इसके लिए निधि भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के जेलों में बंद ईसाई कैदियों को सरकार द्वारा ऐसी सुविधा दी जाती है। अधीक्षक ने नेताजी का अनुरोध स्वीकार कर लिया

# बिना शिक्षकों के शिक्षा

यह एक विडंबना ही है कि सुप्रीम कोर्ट को उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के रिक्त पदों को चार माह के अंदर भर्ती करने के आदेश देने पड़े। इसके प्रति तो सरकारों को सजग रहना चाहिए था। चूंकि वे इसे लेकर तत्पर नहीं कि शिक्षकों के रिक्त पद प्राथमिकता के आधार पर भरे जाएं, इसलिए सरकारी और साथ ही निजी क्षेत्र के उच्च शिक्षा संस्थानों में बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद रिक्त हैं। यह ठीक नहीं कि जो काम सरकार को करना चाहिए, वह सुप्रीम कोर्ट को करना पड़ा। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई बार शिक्षकों के पद वर्षों तक खाली पड़े रहते हैं। स्थिति कितनी खराब है, इसका पता इससे चलता है कि शिक्षकों के रिक्त पदों की समस्या से केंद्रीय विश्वविद्यालय भी जूझ रहे हैं। इसका मतलब है कि शिक्षा मंत्रालय भी इसके प्रति



सजग नहीं कि शिक्षकों के पद लंबे समय तक रिक्त न रहें। सजगता के इस अभाव के चलते कई विश्वविद्यालयों में तो कुलपति के पद भी रिक्त बने रहते हैं। समझना कठिन है कि ऐसा क्यों है? निःसंदेह यह नहीं कहा जा सकता कि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए योग्य अभ्यर्थियों का अभाव है। शिक्षकों के पद रिक्त रहने से शिक्षा संस्थानों में कई तरह की समस्याएं घर कर जाती हैं। इसके चलते पठन-पाठन तो प्रभावित होता ही है, छात्रों की परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। इन्हीं परेशानियों पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों और गैर शिक्षकों के पद बड़ी संख्या में खाली पड़े हुए हैं। इसे इससे समझा जा सकता है कि बिहार के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के चार हजार पद रिक्त हैं। हरियाणा में किसी विश्वविद्यालय में छह साल से तो किसी में आठ साल से प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती नहीं हुई है। नतीजा यह है कि करीब 60 प्रतिशत पद रिक्त हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश के 19 सरकारी विश्वविद्यालयों में से 15 में शिक्षकों के 70 प्रतिशत से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। यही स्थिति अन्य राज्यों में भी है। इसका अर्थ है कि उच्च शिक्षा भगवान भरोसे चल रही है। यह दयनीय दशा तब है, जब नई शिक्षा नीति लागू हुए पांच वर्ष बीत गए हैं और उसमें छात्र-शिक्षक अनुपात पर विशेष बल दिया गया है। समस्या केवल यह नहीं कि शिक्षकों के ही पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं।

शिक्षकों के साथ-साथ गैर शिक्षकों के भी पद रिक्त हैं। यह और कुछ नहीं उच्च शिक्षा के ढांचे को कमजोर करने वाली स्थिति ही है। यह समझने में देर नहीं करनी चाहिए कि उच्च शिक्षा के स्तर में बहुत सुधार की आवश्यकता है और इसकी पूर्ति शिक्षकों के पद रिक्त रहते हुए संभव नहीं।

## गायों को खिलाई सवा मण लापसी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नलिया बास की सार्वजनिक सेवा समिति के कार्यकर्ताओं की ओर से मौनी अमावस्या के उपलक्ष्य में गौसेवा के लिए सवा मण की लापसी बनाई गई और गलियों में घूम-घूमकर गायों को लाफसी परोसी गई। इस कार्य में डालचंद तंवर, बाबलाल यादव, धर्मचंद स्वामी, ईश्वर चांदोलिया, निर्मल तंवर, अनिल पंवार, रोहित टाक, गोरधन टाक आदि ने योगदान देकर सम्पन्न करवाया।

## 15 जरूरतमंद परिवारों को प्रदान किए किट

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायंस क्लब सुजानगढ़ की ओर से राशन सामग्री, कंबल, बिस्तर व चद्दर के किट का वितरण जरूरतमंद 15 परिवारों को किया गया। इस नेक कार्य में भामाशाह विनीत-अनुजा लाहोटी, राजीव - ज्योति लाहोटी, जीवनमल- सरोज झंवर, प्रीतम मोदानी ने आर्थिक सहयोग दिया। लॉयन देवकृष्ण मालपानी के संयोजन में जोन चेयरपर्सन लॉयन एमजेएफ कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशांत पारीक, देवेंद्र बेदी, मुरली राठी ने भामाशाह प्रीतम मोदानी, हर्ष मालपानी व ताराचंद स्वामी के सहयोग से ठरड़ा में ये किट वितरित किए। कमल तापड़िया ने बताया कि लायंस क्लब के सेवा प्रकल्प अनवरत जारी रखे जाएंगे।

## शिव कॉलोनी में कलश यात्रा निकाली, उमड़ा सैलाब

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय शिव कॉलोनी के वार्ड 31-32 में चमत्कारी गोगामेड़ी गोरखधाम में 18 से 24 जनवरी 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का आगाज रविवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ। कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई सबको सुशोभित कर रही थी। इस दौरान सजाई गई राधा-कृष्ण की झांकी सभी के आकर्षण का केन्द्र रही। कलश यात्रा में मुख्य यजमान पवन कुमार सैनी पत्नि ललिता देवी के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर सुरेश कुमार भार्गव, हरिराम स्वामी, संजय कुमार, शेखर गुर्जर, मनोज सैनी, शक्ति सिंह, किशन प्रजापत, केशव शर्मा, विशाल सिंह, नैतिक सैनी, शिवराज सिंह, रणवीर गुर्जर, युवराज, प्रिंस सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने कथावाचक पवन प्रसाद शास्त्री का मार्ल्यापण कर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक भगत पवन सैनी ने बताया कि कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर एक बजे से तीन बजे तक किया जायेगा।

## रक्तदान शिविर में 101 यूनिट ब्लड एकत्रित

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के जयपचपीर बाबा मंदिर, लकड़ा मंडी वाटिका में तृतीय विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वाटिका नगर पालिका चेयरमेन लोकपाल सिंह राजावत, पार्षद मुकेश बैरवा , भंवर सैनी, खेमराज सैनी, मुकेश सैनी, कालू सैनी व समस्त नगरपालिका सदस्यों की ओर से स्वागत किया गया, जिसमें 101 यूनिट एकत्रित किया गया। अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बालिका सांसद अधिवेशन में बालिकाओं ने रखे सशक्तिकरण पर विचार



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** बालिका सांसद कार्यक्रम 2025-26 का पाँचवाँ अधिवेशन रविवार को निर्माण संस्था, खंडेल में आयोजित हुआ। अधिवेशन में बालिकाओं के कल्याण, उत्थान व सशक्तिकरण को लेकर निर्माण संस्था की ओर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की बालिका सांसदों ने सराहना की। अधिवेशन के दौरान बालिकाओं ने कहा कि ऐसे मंच उन्हें आत्मनिर्भर बनने, अपने विचार खुलकर रखने तथा भविष्य के लिए आत्मविश्वासी बनने में मदद करते हैं। उन्होंने मांग की है कि बालिका सांसद जैसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखा जाए, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएँ इससे जुड़ सकें। बालिका संसद की अध्यक्षा ने कहा कि बालिकाओं के लिए यह कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक है। अधिवेशन में भाग लेने से उनकी बोलने की झिझक दूर हुई है और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है। इस अवसर पर बालिका सांसद ओमा कुमावत ने कहा कि ऐसे अधिवेशन लगातार होते रहने चाहिए, ताकि हमसे छोटी बहनें भी सीख सकें और इस मंच से जुड़कर आगे बढ़ें। अन्य बालिका सांसदों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उन्हें सामाजिक मुद्दों को समझने और समाधान प्रस्तुत करने का अवसर देता है। अधिवेशन के अंत में संस्था की ओर से बालिकाओं को भविष्य में भी हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया गया।

### चार दिवसीय राज्य स्तरीय मेले का समापन

# आरोग्य मेलाः जोडों के दर्द, कमर दर्द, सरवाईकल स्पोन्डिलाईटिस के रोगियों का उपचार

जयपुर टाइम्स




**जयपुर।** आयुष विभाग की ओर से 15 जनवरी से जवाहर कला केन्द्र के शिल्प ग्राम परिसर में आयोजित आरोग्य मेले में अंतिम दिन रविवार को भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी व प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ प्राप्त किया। विशेष कर पंचकर्म, औष्टियोंपैथी, कपिंग, मर्म चिकित्सा जैसी विशिष्ट चिकित्सा कर्म इकाईयों पर जोडों के दर्द, कमर दर्द, सरवाईकल स्पोन्डिलाईटिस के रोगियों का उपचार किया गया। चर्म रोगों में विशेष रूप से जलौका के माध्यम से रक्तमोक्षण किया जाकर लाभान्वित किया गया। मेले में आम-जन ने आयुष चिकित्सा पद्धतियों व स्वस्थ जीवन-शैली की विधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मेले में दैनिक जीवन में अत्यन्त उपयोगी औषधीय पादपों का निःशुल्क वितरण व इनके उपयोग की जानकारी भी दी गई। भी किया गया। डायबिटिज, मोटापा, उच्च रक्तचाप जैसे गैर-संचारी रोगों का भी मेले में उपचार किया गया। लोगों को प्रतिदिन खाने योग्य स्वास्थ्यवर्धक अंकुरित आहार भी निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया। आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा इकाईयों पर परामर्श व निःशुल्क औषधियों का वितरण, बच्चों में रोग-प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए निःशुल्क स्वर्णप्राशन भी करवाया गया है। राज्य की आयुष फार्मेसियों पर विभिन्न औषधियां व आयुष पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए योग्यता व प्रक्रिया की जानकारी भी आयुष काउंसलिंग बोर्ड की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही है। लोगों को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलवाई गई। औषधीय पादपों के कृषिकरण की जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। मेले के अंतिम दिन डॉ. सी.आर. यादव ने गैर संचारी रोगों के कारण, निवारण व बचाव पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता कालीचरण सर्राफ विधायक मालवीय नगर ने की। मुख्य अतिथि सांसद जयपुर मंजू शर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार उपस्थित रहे। समापन समारोह में अतिथियों का स्वागत डॉ. आनन्द कुमार शर्मा, निदेशक, आयुर्वेद विभाग, प्रो. डॉ. राजेश शर्मा, विशेषाधिकारी ने किया। समापन पर बत्तीलाल बैरवा मेले के नोडल अधिकारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ. बत्ती लाल बैरवा अतिरिक्त निदेशक, नोडल अधिकारी आरोग्य मेला ने बताया कि आयुष विभाग की ओर से प्रतिवर्ष इसी प्रकार आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष विशेष रूप से वृद्ध व युवा लोगों ने विशेष रूप से रूचि दिखाई। आखिरी दिन मेले में लगभग 12000 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया और लगभग 40000 लोगों को आयुष चिकित्सा व स्वस्थ जीवन-शैली की जानकारी से लाभान्वित किया गया। मेले के सह-नोडल डॉ. पी.एल. मीणा ने अवगत करवाया कि विगत चार दिनों में कुल 125000 लोग लाभान्वित व 2050 निःशुल्क औषध पादपों का वितरण किया गया। मेले की व्यवस्था में डॉ. रमेश गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, औषधीय पादप मण्डल, डॉ. सत्यनारायण शर्मा उपनिदेशक, जयपुर अ. डॉ. घनश्याम मीणा, उपनिदेशक, कैम्प कार्यालय, जयपुर डॉ. मुख्त्यार सिंह, रजिस्ट्रार, आर.एन.सी. एवं डॉ. प्रकाश मीणा, सहायक निदेशक, डॉ. अंशुमान चतुर्वेदी, सहायक निदेशक, डॉ. लक्ष्मण सैनी, सहायक निदेशक, डॉ. महेन्द्र सिंह धांधू, सलाहकार, रा.आ.मि., डॉ. मोहन मीणा और डॉ. समय सिंह मीणा की विशेष भूमिका रहीं। मेले के मीडिया प्रभारी डॉ. चरण सिंह बैरवा ने जानकारी प्रदान की व लेखन कार्य रिकूं टिक्कीवाल ने किया। मेले की कार्य व्यवस्था में डॉ. राजेश सैन, रतन कुमार, कम्पाउण्डर, योगेश कुमार, दिनेश शर्मा, योगेश वैष्णव, शंशाक शर्मा, वी.पी. सिंह व अक्षय कुमार बैरवा रहे। मंच संचालन डॉ. कमल चन्द्र शर्मा, डॉ. राहुल पाराशर डॉ. मीना मीनू बनवारी लाल व डॉ. स्वाति गोयल ने किया।

## विराट हिन्दू सम्मेलन व विशाल शोभा यात्रा में उमड़ा हिंदुत्व का ज्वार

### 1100 महिलाओं ने धारण किए कलश,7 हजार लोगों के लिए प्रसादी आयोजन

जयपुर टाइम्स




**बिजौलियां(निस)।** कस्बे में विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर भव्य,विशाल और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। श्रीचारभुजा मन्दिर से गाजे-बाजे व ढोल-नगाड़ों के साथ प्रारम्भ हुई शोभायात्रा में 1100 महिलाएं सिर पर कलश धारण किए साथ चल रही थी।वहीं बड़ी संख्या में युवा व पुरुष वर्ग हाथों में भगवा पताकाएं लिए जयकारे लगाते साथ चल रहे थे।शोभायात्रा के मार्ग पर भगवा फ़रियाँ लगाई गई और स्वागत द्वार बनाए गए। कस्बेवासियों ने जगह- जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।शोभायात्रा के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, सुभाष चन्द्र बोस, रानी लक्ष्मी बाई, भारत माता,गौमाता व राम दरबार समेत कई संतों-महापुरुषों की झांकिया सजाई गई। वीर बजरंग अखाड़ा की ओर से करतब दिखाए गए।मुख्य मार्गों से गुजर कर शोभायात्रा थानेश्वर महादेव सभा स्थल पहुंची जहां धर्मसभा का आयोजन किया गया। पूरे पांडाल में भगवा झंडों के साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों व संतों के चित्र लगाए गए। सभा को सम्बोधित करते हुए पंचमुखी ठाकुर जी के दरबार भट्टों के बामणिया से पधारे गुरुदेव महेंद्र भट्ट ने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि हिन्दू समाज को जात-पांत और ऊंच नीच को छोड़ कर एक हो जाना चाहिए। गुरुदेव ने कहा कि सनातन धर्म शाश्वत हैं। ये कभी समाप्त होने वाला नहीं हैं। हिंदुत्व का डंका एक दिन पूरे विश्व मे बजेगा। वहीं मातृ शक्ति से अपनी संतानों को सनातन धर्म की जानकारी देने का भी आह्वान किया।संघ के सह विभाग कार्यवाह भगवान दास ने कहा कि जिस समाज में शौर्य और पुरुषार्थ नहीं होता हैं। वह समाज लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाता हैं। ये हिन्दू सम्मेलन हिंदुओं की शक्ति को जगाने और संगठित करने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। मकवाड़ा उदयपुर से पधारे सन्त गुलाब दास महाराज ने कहा कि बेटे-बेटियों के हाथों में मोबाइल की जगह श्रीमद्भगवत गीता और श्रीरामचरित मानस देने की आवश्यकता हैं। साथ ही राष्ट्रसेवा के संस्कार सीखने के लिए बच्चों को संघ की शाखा में भेजनी की बात भी कही।महाराज ने कहा कि सैनिक सीमा पर देश की रक्षा करते हैं और सन्त और संघ के प्रचारक समाज में सनातन संस्कृति के रक्षण का कार्य करते हैं। सभा को प्रताप कीर्ति भानावत और आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ.दुर्गा शंकर मेहर ने भी सम्बोधित किया। सभा के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं समाज सेवा व गौसेवा करने वालों का सम्मान भी किया गया। विधायक गोपाल खंडेलवाल, डीएसपी बाबूलाल विश्नोई व कार्यकर्ताओं ने गुरुदेव महेंद्र भट्ट को पीतल से बनी गदा भेंट की।भारतमाता की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।मंच संचालन आयुष खटीक व विदिशा विजयवर्गीय ने किया।इसके बाद राजभवानी वाटिका में महाप्रसादी का आयोजन हुआ।जिसमें समस्त हिन्दू समाज के करीब 7 हजार लोगों ने सामाजिक समरसता को साकार करते हुए एक साथ भोजन किया।

## मौनी अमावस्या पर गायों को खिलाई लापसी, गुड़ हरा चारा

### एडीजे गहलोत के साथ भामाशाहों ने गौ पूजन कर परिक्रमा लगाई

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** शहर सहित आस पास के विभिन्न अंचलों में मौनी अमावस्या रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। अमावस्या का दिन उपखंड क्षेत्र भर में विविध धार्मिक अनुष्ठान हुए। इस अवसर पर दानदाताओं की ओर से श्री राम गौशाला कोलीवाडा में गायों को लापसी, गुड़,हरा चारा खिलाया तथा जमकर दान-पुण्य किया। अमावस्या पर एडीजे पुखराज गहलोत सुमेरपुर के साथ उनकी धर्मपत्नी के मुख्य अतिथि, गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला की अध्यक्षता में गौशाला प्रांगण में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम गौ माता की विधिवत रूप से पूजा कर आरती की। फिर सभी ने एक साथ परिक्रमा लगाकर गौ माता को नमन किया और आशीर्वाद लिया। भामाशाहो की ओर से बनाई गई लापसी के साथ भेट किया गया। गुड़ हरा चारा का भोग लगाया गया। श्री राम गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि भामाशाह व गौशाला सलाहकार समिति सदस्य चम्पालाल अंबावत परिवार मुंबई, अमावस्या के उपलक्ष्य में हरा चारा के लाभार्थी मोहन लाल परिहार और लायंस क्लब सुमेरपुर जवाई की ओर से गुड़ भेंट किया और सभी भामाशाहों के हाथों से गौ माता को भोग लगाया गया। इस अवसर पर एडीजे पुखराज गहलोत ने बताया कि गौ माता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। बड़े अवसर पर पुण्य दान करने से कई तरह के पापो से मुक्ति मिलती हैं। उन्होंने कहा कि आज बड़ा सौभाग्य है जो अध्यक्ष धीरज सांखला की प्रेरणा से हम पति पत्नी को गौ सेवा का मौका मिला है। इस दौरान उन्होंने गौशाला का भ्रमण किया और विजिट रजिस्टर में अपने सुझाव रखते हुए गौशाला की व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर सभी सेवा समिति के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि हर त्यौहार बड़े दिन को हर इंसान को बेजुबानों की सेवा में भूमिका निभानी चाहिए जिससे मोक्ष के रास्ते खुल जाते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष धीरज सांखला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, मंत्री भंवरलाल परमार ने एडीजे गहलोत के साथ लापसी के चंपालाल अंबावत, और हरा चारा के लाभार्थी अशोक कुमार, शैतान सिंह सान्दु, प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानन्द विद्यालय का दुपट्टा पहन कर सम्मान किया व मोमेंटो भेट किया। अंत में अध्यक्ष सांखला ने उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया। अध्यक्ष ने कहा कि मानव जीवन में पुण्य कार्यों से जीवन की कई बाधाओं से निजात पाई जा सकती है। मूक प्राणियों की सेवा के साथ सुरक्षा कर पुण्य कमाया जा सकता है। ऐसे में सभी को मिलकर गौ सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। गौशाला में दानदाता चंपालाल अंबावत परिवार मुंबई वालों की तरफ से 3 क्विंटल की लापसी बनाकर गौशाला की गायों को मीठी लापसी खिलाई। साथ ही हर अमावस्या के दिन सहयोगी सदस्य चंपालाल अंबावत परिवार की से लापसी बनाने की घोषणा की गई। मौनी अमावस्या पर क्षेत्र की महिलाओं के साथ पुरुषों ने सुबह गौशाला परिसर पहुंचे जहां श्रद्धालुओं ने गायों को हरा चारा डालामनचीटियों को कीड़ी नगरा, पक्षियों को दाना साथ ही अनेक प्रकार दान किए। इस मौके पर व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, मोहन दास वैष्णव, वीराराम देवासी, चेनाराम देवासी, नगाराम देवासी,मोनाराम देवासी, मूलाराम देवासी सहित सैकड़ो की संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।

## ली मार्शल आर्ट क्लब धौलपुर की ग्रेडिंग परीक्षाः 45 बच्चों ने दिखाया कराटे कौशल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में ली मार्शल आर्ट क्लब की ओर से 45 छात्र-छात्राओं की ग्रेडिंग परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यह परीक्षा जापान शोतोकान एसोसिएशन के राजस्थान अध्यक्ष महेश की देखरेख में संपन्न हुई। परीक्षा के उपरांत सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में एवीएम कन्वेंट स्कूल की प्रशासनिक अधिकारी प्रिया त्यागी, कांग्रेस कमेटी धौलपुर की जिला सचिव रोशनी शिवहरे, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की जिला अध्यक्ष शबनम खान, समाजसेविका शबाना खान और रजक समाज के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष सचिन शैडवाल शामिल रहे। इस अवसर पर जापान शोतोकान एसोसिएशन के धौलपुर जिला सचिव ऋषि कुमार मौर्य ने सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कराटे खिलाड़ियों ने डेमो फाइट, काता, कुमीते सहित विभिन्न हैरतअंगेज़ प्रदर्शन प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोशनी शिवहरे ने कहा कि आज जिले की बच्चियां आत्मनिर्भर बनकर स्वयं को मजबूत कर रही हैं और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर धौलपुर का नाम रोशन कर रही हैं। वहीं प्रिया त्यागी ने ली मार्शल आर्ट क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना विकसित होती है। अतिथियों ने सभी कराटे खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की और डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। साथ ही क्लब के खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी को मार्शल आर्ट सिखाओ' का संदेश देते हुए कहा गया कि मार्शल आर्ट से बेटियां न केवल अपनी आत्मरक्षा कर सकती है।

## कस्वा व मंडेलिया के जन्म दिन पर तीन दिन होंगे कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** चूरू शहर व ग्रामीण क्षेत्र में तीन दिवसीय चूरू सांसद राहुल कसवा व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफ़ीक मंडेलिया के जन्म दिन पर अनेक कार्यक्रम आयोजित होगे। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आदुराम न्यौल ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफ़ीक मंडेलिया का तीन दिवसीय कार्यक्रम में 19जनवरी को दुधवारा खारा में नरेगा बचाओ मजदूरों से 11 बजे झारिया में नरेगा बचाओ दोपहर 1 बजे चूरू अब्दुला कुरैशी मोहल्ला व्यापारियों 2 बजे, अजहर के मोहल्ला लुहारान, 3 बजे मदीना मस्जिद के पास रॉयल संस्थान कार्यक्रम 4 बजे व सद्दाम हुसैन चेजारा मस्जिद के पास 5 बजे आयोजित कार्यक्रम में शामिल होगे।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने किया कर्तव्य बोध दिवस

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़.(नि.सं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा, सुजानगढ़ की ओर से राजकीय पीसीबी उमावि में स्वामी विवेकानन्द और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म दिवासवधि के मध्य पखवाड़े के दौरान कर्त्तव्य बोध दिवस का आयोजन पूर्ण उत्साह के साथ किया गया। संघ के विभाग संगठन मंत्री रामेश्वर लाल खीचड़ ने अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन करने के साथ कार्यक्रम ही पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक के जीवन में समय की पाबन्दी के महत्व को रेखांकित किया। शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए रणजीत सिंह अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सुजानगढ़ ने शिक्षकों को तकनीकी रूप से अपडेट रहने की अपील की। मुख्य वक्ता व प्रबोधनकर्त्ता असिस्टेण्ट प्रोफेसर अनिता चेजारा ने ऐतिहासिक तथ्यों से लेकर समसामयिक तथ्यों के माध्यम से मेहनत और सच्चे शिक्षक को व्यक्ति के स्वविकास व देश के भविष्य के निर्माण का मूल आधार बताते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य कमला शर्मा ने शिक्षक होने पर गर्व की अनुभूति करते हुए पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य करने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि रणवीर सिंह महरिया ने समाज में फैली राजनैतिक वैमनस्यता को दूर करने के लिए संस्कारित शिक्षा को रेखांकित करते हुए कर्त्तव्य बोध दिवस का आयोजन शिक्षा विभागीय स्तर पर किए जाने सुझाव दिया। प्राचार्य धर्मसिंह मीणा ने शिक्षको का आह्वान करते शिक्षकों से विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट व डिजिटल स्कैम से सावधान रखने की वर्तमान समय की आवश्यकता बताई। प्रधानाचार्य रामावतार शर्मा ने शिक्षकों से शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। सेवानिवृत उप-प्राचार्य परमानन्द मिश्रा ने अपनी स्वलिखित कविता के माध्यम से स्वामी विवेकानन्द और नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जीवन को शिक्षकों के लिए प्रेरक बताया। प्राचार्य कमलेश सिंघल ने भी शिक्षको को अपने सामाजिक जीवन में चरित्र की स्वच्छता बनाये रखने पर बल दिया। इस अवसर पर उपशाखा अध्यक्ष कमल जाखड़, कमल स्वामी, अशोक कुमार, अभिषेक चौधरी, गौतम सिंह, राजेन्द्र कुमार देवल, प्रकाश कस्वां, व्याख्याता मोहिनी, रंजन अत्रि, गौतम सिंह, रामगोपाल शर्मा, रमेश मेघवाल, रमेश कुमार भानीसरिया, विद्याधर मेघवाल, पूनम चन्द सारस्वत, सन्तोष कुमार, राजेन्द्र डोंगीवाल सुनील शर्मा, अजय सैनिक, मेहताब सिंह, राजकुमार शर्मा मनोज कड़वासरा, रूघाराम, अनिल कुमार, राहुल बुगालिया, मनोज छरंग, बजरंगलाल प्रजापत, रामलाल कासौटिया, प्रेमचन्द फलवाड़िया, मोतीलाल, धर्मपाल लाम्बा, अनिल लाम्बा, अब्दुल सत्तार पड़िहार, धनराज सिंगोदिया, अशोक कुमार, जीवणदान, जगदीश प्रसाद सेन, बसन्त चौधरी सहित अनेक शिक्षक व शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उपशाखा सभा अध्यक्ष मदनलाल गुर्जर ने करते हुए अपनी कविता मंजिल- मंजिल के माध्यम से शिक्षकों को कर्त्तव्य पालन में आने वाली चुनौतियों से विचलित न होने का सन्देश दिया। संघ उपशाखा मंत्री मनोज शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# बारवा को ग्राम पंचायत बनाने पर झूमे ग्रामीण, डीजे के साथ रैली निकाल किया खुशी का इजहार

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** बारवा राजस्व ग्राम को ग्राम पंचायत बनाए जाने की ऐतिहासिक सौगात मिलने पर महावीर सिंह बारवा (पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष) के नेतृत्व में समस्त बारवा व चैनगढ़ ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास के साथ भव्य रैली का आयोजन किया। यह रैली बारवा मुख्य बस स्टैंड से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए बाबा हरीराम जी मंदिर स्थित सभा स्थल तक डीजे के साथ निकाली गई। रैली के उपरांत विधायक विक्रम सिंह जाखल का ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया गया। सभा स्थल पर उपस्थित नागरिकों ने विधायक जाखल का माल्यार्पण व साफा पहनाकर भव्य अभिनंदन किया। इसी अवसर पर बाबा हरीराम जी मंदिर प्रांगण में



निर्मित सीसी चौक का लोकार्पण विधायक विक्रम सिंह जाखल ने किया। कार्यक्रम के पश्चात मंदिर प्रांगण में प्रसाद वितरण का आयोजन भी रखा गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि आप सभी कंधे से कंधा मिलाकर मेरे साथ खड़े रहें, मैं नवसृजित ग्राम पंचायत बारवा में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दूंगा। उन्होंने कहा कि यद्यपि बारवा पंचायत का गठन हाल ही में हुआ है, लेकिन विधायक बनते ही मैंने यहां ?1 करोड़ 21 लाख 69 हजार रुपये के विकास कार्य स्वीकृत कराए हैं, जो वर्तमान में प्रगतिरत हैं। मैं पहले बोलने में नहीं, बल्कि धरातल पर काम करके दिखाने में विश्वास रखता हूं। आप आगामी पंचायती राज चुनावों में पूरी ताकत लगाइए, उसके बाद मैं दुगुनी ताकत से ग्राम बारवा के विकास के लिए कार्य करूंगा। इस अवसर पर राजकुमार सैनी (पालिकाध्यक्ष, नवलगढ़), जुगल सैनी (पूर्व पालिकाध्यक्ष, नवलगढ़), मक्खनलाल सैनी (अध्यक्ष, सैनी समाज), कैलाश जांगिड़ (अध्यक्ष, व्यापार मंडल), धर्मेंद्र बाय (मंडल अध्यक्ष, कारी), किशन गुर्जर (मंडल अध्यक्ष, लोहार्गल), ख्यालीराम गुर्जर (पूर्व जिला परिषद सदस्य), जगमोहन सिंह शेखावत (सरपंच, लोहार्गल), मदन सिंह बारवा, महावीर सिंह बारवा, पूर्ण सिंह टोकछिलरी, ओमप्रकाश खीचड़, मामराज, घड़सीराम रूंडला, छगन भास्कर, शिवनाथ भास्कर, त्रिलोक, सुमेर सिंह, सुगन भास्कर, कानाराम मीणा, श्री बाबूलाल मीणा, बाबूलाल कुमावत, रामनिवास टेलर, रामजीलाल कुमावत, दिलीप सिंह, भागीरथ सिंह, राम सिंह, रतन जांगिड़, संजय वाल्मीकि, ओमप्रकाश शर्मा, श्री संजय शर्मा, ताराचंद गुर्जर, कैलाश गुर्जर, सुरेंद्र वर्मा, पंकज वर्मा, दिलीप जांगिड़, सिकंदर जांगिड़, रामरतन जांगिड़, दिनेश जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अमावस्या पर मुक्ति धाम में श्रमदान



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** कस्बे के झाझड रोड स्थित मुक्तिधाम में हर अमावस्या के दिन होने वाले श्रमदान की श्रृंखला में इस बार भी मुक्तिधाम में श्रमदान किया गया। जिसमें पेड़ पौधों की देखरेख, साफ सफाई की गई। पौधों और पेड़ों में खाद, पानी देकर कटाई छटाई की गई। इस मौके पर श्रमदान में रावता की वार्ड 5 व 6 के कार्यकर्ता अपनी सेवा देते है। साथ ही भारत स्काउट गाइड के प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, वार्ड पार्षद सुरेंद्र सैनी, पूर्व नगर पालिका पार्षद नवरंग लाल सैनी, गजानन सैनी, गिरधारी लाल सैनी, विक्रम सैनी, विशाल सैनी, प्रकाश सैनी, ललित सैनी, संदीप सिंगोदिया, नरेश सैनी, सोनू सैनी, कन्हैया लाल सैनी, आकाश सैनी,द्वारका प्रसाद सैनी,सचिन सैनी, विनोद सैनी, नागेश सैनी, नरेश सैनी, प्रताप सैनी, मदन सैनी, लालचंद सैनी, सुल्तान सैनी, सुभाष सैनी, मनोज कुमार सैनी, गिडा राम सैनी, महेश सैनी, ओम प्रकाश सैनी, बाबूलाल मिस्त्री, हरी लाल सैनी, हरि प्रसाद सैनी, रतनलाल सैनी, बुगाल सैनी, सुभाष सैनी, दिनेश सैनी, लालचंद सैनी, प्रमोद सैनी, महावीर सैनी, बाबूलाल सैनी, विनोद मिस्री, गोकल सैनी, हरिप्रसाद सिंगोदिया, भंवरलाल सैनी, बाबूलाल सैनी सहित सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने श्रमदान किया।

## सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण दल रवाना





जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** आत्मा योजनान्तर्गत अन्तर राज्य कृषक प्रशिक्षण (राज्य के बाहर) सात दिवसीय 30 कृषकों के प्रशिक्षण दल को 18 जनवरी से 24 जनवरी तक) कृषि व परियोजना निदेशक (आत्मा) झुन्झुनू के उप निदेशक शीशराम जाखड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शीशराम जाखड़ ने बताया कि सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के दौरान कृषक उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केन्द्र, भा.कृ.अनु.प. केन्द्रीय भेड़ व ऊन अनुसंधान संस्थान गड़सा, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) में वैज्ञानिक विधि से पशुपालन प्राकृति खेती, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण की नवीनतम तकनीक, उन्नत हाईटेक बागवानी (फल, फुल, सब्जी) विपणन, जल व मृदा सरंक्षण, लॉ-टनल, शैड नेट हाउस, पॉली हाउस, मधुमक्खी पालन, मूल्य संवर्धन, प्रसस्करण प्रबन्धन व संरक्षित खेती विषयों पर उच्च स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेगें। सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, बाजोरा, कुल्लु, कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, कटराई, कुल्लू घाटी, (हिमाचल प्रदेश) मनीकरन व केलांग तहसील के प्रगतिशील कृषकों के खेतों पर क्षेत्र भ्रमण व ऊन औद्योगिक इकाईयों सहित उद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय की विभिन्न ईकाईयों का भी भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक (आत्मा) प्रमोद कुमार, सुरेन्द्र सिंह, कृषि पर्यवेक्षक उद्यान उदयपुरवाटी, विजय ढाका, तपेश कुमार, रीतेश कुमार सहित 30 कृषक उपस्थित रहे।

## संजय शर्मा बने सर्व ब्राह्मण एकता मंच के तहसील अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** झुंझुनू तहसील अध्यक्ष-सर्व ब्राह्मण एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक अशोक शर्मा, सहसंयोजक अनिल जैमन व युवा जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा की अनुशंसा पर डॉक्टर संजय शर्मा झुंझुनूं निवासी को झुंझुनू तहसील का अध्यक्ष बनाया गया है। नियुक्ति घोषणा के बाद सर्व ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। समाज के लोगों व मित्र बंधुओं ने डॉक्टर संजय शर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर युवा



जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा, अमित शर्मा, मनोज सहल, जिला उपाध्यक्ष भरत शर्मा, गौरव माटोलिया, संजय शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, राघवेंद्र पाराशर, शंभू दयाल जोशी व मीडिया प्रभारी जुगल किशोर शास्त्री पाटोदा सहित अनेक पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉक्टर संजय शर्मा ने सभी का आभार जताया।

## ढ़ाका के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** तेतरा ग्राम पचायत के ग्रामवासियों ने रविवार को जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में मीठवास निवासी महावीर ढाका के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर स्वागत किया गया। रामनिवास ढाका व इन्दराज खिचड के नेतृत्व में दुपट्टा व रूमाल पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान राजीव ढाका, जयपाल पुनिया, अजय वकील, नरेश ढाका, सजीव महला व चौधरी रेस्टोरेंट के मालिक अनिल जानूँ मौजूद रहे।

## मण्डावा में ट्रैफिक नियमों पर सख्तीः सीएलजी सदस्यों के साथ सीआई ने की बैठक

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा पुलिस थाना परिसर में रविवार दोपहर को जागरूकता, कानून व्यवस्था और सार्वजनिक समस्याओं पर एक बैठक आयोजित की गई। सीआई रामनारायण चोयल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सीएलजी सदस्यों, सुरक्षा सखियों, शांति समिति के सदस्यों और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



### सुरक्षा नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाईः

बैठक के दौरान नागरिकों ने कस्बे की गंभीर यातायात समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि सुभाष चौक के पास सड़क पर खड़े अव्यवस्थित वाहनों के कारण आवाजाही बाधित होती है। नागरिकों ने विशेष रूप से अस्पताल के बाहर लगने वाले जाम पर चिंता व्यक्त की, जिससे मरीजों को परेशानी होती है और एम्बुलेंस भी फंस जाती हैं। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने जनता की शिकायतों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बे में बिना नंबर प्लेट के चलने वाले वाहनों और तेज ध्वनि (पटाखा) साइलैंसर लगाकर हुड़दंग करने वाले बाइक सवारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत, पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाली मोटरसाइकिलों के चालान काटे हैं। थानाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सुभाष चौक और अस्पताल के पास यातायात को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस जल्द ही कार्रवाई करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए पुलिस बल की मांग की जाती है, तो उन्हें पुलिस जाब्ता उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, मुलायम सिंह, मोहनलाल सैनी, संदीप शर्मा, हाजी फारूक भाटी, आमीन कारी, छोटेलाल सैनी, अब्दुला चौहाण, पार्षद मो0 इब्राहिम रंगरेज, राजेश कुलहरी, संजय मील, हरिराम कुमास, श्रवण पूनिया, कैलाश पीपलवा, बाबूलाल सैनी, किशोर सिंह राठौड़ संजय परिहार, शीशराम बुरडक, राजेश रणजीरोत सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## हिंदू महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट महाजन पंचायत भवन में रविवार को विश्व हिन्दू परिषद की बैठक हुई। बैठक में मंडावा में आयोजित होने जा रहे विराट हिंदू महासम्मेलन को सफल बनाने पर विचार विर्मश हुआ। इस महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता स्थापित करना, परिवार और समाज में सुधार लाना तथा हमारी समृद्ध हिंदी संस्कृति और परंपराओं को पुनः जागृत करना है। आज के समय में हम देख रहे हैं कि संयुक्त परिवार, मंगल पाठ, मंगल भोजन, मंगल संवाद जैसी हमारी सांस्कृतिक परंपराएँ धीरे-धीरे पीछे छूटती जा रही हैं। यह सम्मेलन इन्हीं मूल्यों को फिर से सशक्त करने का एक सार्थक प्रयास है। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण जैसे पेड़-पौधों की रक्षा, जल संरक्षण और स्वदेशी अपनाने का संकल्प हर हिंदू नागरिक का कर्तव्य है। यह महासम्मेलन हमें इन सभी विषयों पर एकजुट होकर सोचने और आगे बढ़ने का संदेश देता है। यह सम्मेलन आगामी 8 फरवरी को फतेहपुर मार्ग स्थित श्री सम्राट सिद्धिविनायक मंदिर मंडावा होगा। इस दौरान समस्त समाजबंधुओं, माताओं-बहनों और युवाओं से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस हिंदू महासम्मेलन को सफल बनाएं और एकजुटता का परिचय दें। इस अवसर पर संघनिष्ठ सज्जन शर्मा, पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी, शिक्षाविद्ध भोलासिंह यदूवंशी, सीताराम सैनी, विद्याघर सैनी, बलदेव थलिया, प्यारेलाल फरड़ोलिया, सचिन तुनवाल, महेश निर्वाण सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे

## जरूरतमंदो को कंबल वितरण करना पुण्य का कार्यः सज्जन मिश्रा

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** बाल भारती विद्या निकेतन में रविवार को ढण्ढों के बालाजी मन्दिर सोसायटी मण्डावा की ओर से असहाय, गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम पूर्व पालिकाध्यक्ष सज्जन मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी, डॉ. साधना शर्मा, वंदना मिश्रा,



भास्कर शर्मा, डॉ. राधारमण शर्मा, डॉ. शुभम शर्मा, वरिष्ठ पार्षद हरिराम चेजारा, मदनलाल बाकोलिया, स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष मांगेराम दहिया आदि मंचासीन अतिथि रहे। कार्यक्रम प्रभारी राजेन्द्र सनोदिया ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने स्वयं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने ठंड से बचाव के साथ-साथ मानवीय संवेदना का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में असहाय और गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है, और समाज के सक्षम लोगों को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए। सर्दी के मौसम में गरीबों को कंबल वितरण करना पुण्य का कार्य है और इस प्रकार के कार्य करने से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। कंबल प्राप्त कर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। ग्रामीणों ने इस सराहनीय पहल के लिए आयोजको और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमोद कटारिया, किशनलाल रेगर, राकेश सनोदिया, पल्लवी मिश्रा, मन्जू सनोदिया, उमा पाराशर, कमलेश, राकेश मीणा, पूनम मारवाल, उषा सैनी, पायल चावला, नीतू चावला, बजरंगलाल किसारी, रोशन उर्फ मुन्ना धोबी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति की पार्टी के लिए विद्यार्थी से रुपए मांगे, नहीं दिए तो कर दी स्कूल संचालक ने पिटाई

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव बड़ाबर की लाल बहादुर शास्त्री शिक्षण संस्थान में कक्षा 9 में अध्ययनरत विद्यार्थी जयचंद के साथ स्कूल डायरेक्टर की ओर से मारपीट किए जाने के आरोप लगे हैं। बालक को तबीयत बिगड़ने पर उसके परिजन राजकीय बगड़िया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका दो दिनों से उपचार चल रहा है। बालक के पिता मदनलाल, माता मंजुदेवी ने बताया कि मकर संक्रांति की पार्टी के लिए स्कूल में 100 रुपए नहीं देने पर स्कूल संचालक नंदकिशोर की ओर से बालक के साथ बुरी तरह से मारपीट की गई। मारपीट के बाद मुर्गा बनाया गया। बाद में बालक के पिता मदनलाल स्कूल पहुंचे और बालक को तबीयत खराब होने पर राजकीय बगड़िया अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां दो दिनों से उसका उपचार जारी है। परिजनों ने मारपीट करने वाले स्कूल संचालक नन्दकिशोर पर कार्यवाही करने की मांग प्रशासन से की है, ताकि दूसरे बच्चे के साथ इस प्रकार की घटना न हो। वहीं स्कूल के निदेशक



नंदकिशोर ने आरोपों से इंकार करते हुए कहा कि 100 रूपए बालक से नहीं मंगवाए गए थे। बल्कि बालक दीवार कूदकर स्कूल से भागते वक्त दीवार से गिर गया, जिससे उसको चोटें आई। नंदकिशोर ने सभी आरोपों को झूठा और निराधार बताया। मामले को लेकर सदर थाने में भी रिपोर्ट की गई है। रविवार शाम को आरोपी स्कूल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## कछुआ खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला इनामी ठग गिरफ्तार

**नीमकाथाना/पाटन।** कछुआ खरीद-बिक्री के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को नीमकाथाना क्षेत्र की पाटन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले चार वर्षों से फरार चल रहा था। थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी धोलूराम बावरिया (28) निवासी बौराना की ढाणी, ठिकरिया को 18 जनवरी को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2021 में ठगी का मामला दर्ज हुआ था। पीड़ित की रिपोर्ट के अनुसार आरोपी व उसके साथियों ने कछुआ सस्ते दामों में खरीदकर महंगे दामों में बेचने का लालच देकर 4 लाख 20 हजार रुपये ऐंठ लिए थे। मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि धोलूराम बावरिया घटना के बाद से फरार था।

## कीर्तन में गूंजे श्याम बाबा और हनुमान के भजन, झूमे श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** शहर के मुकुन्दगढ बस स्टैण्ड के निकट शिक्षाविद्ध मुरलीधर शर्मा हवेली में रविवार को संकट मोचन और श्याम बाबा के दरबार भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति में झूमते हुए भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में भागवत - श्रीराम कथा वाचक राजेश्वरी मिश्रा एक से बढ़कर एक शानदार भजनों की प्रस्तुतिया दी। भजन कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्त झूमते नजर आए। बाबा का दरबार आकर्षक श्रृंगार और इत्र वर्षा के साथ सजा, जहां गणेश वंदना से शुरू हुआ भजन कार्यक्रम दोपहर तक चला। भजन गायक राजेश्वरी मिश्रा की आवाज में मेरी गाड़ी, मेरा बंगला, मेरा पैसा सब कुछ तेरा है सांवरिया सरकार... जैसे भजनों ने समां बांध दिया। वहीं सरोज मोदी ने ये मेरे सांवरे, कुछ रास्ता..., उमा हेमाणी ने हारे हारे हारे, तुम हारे के हो सहारे...जैसे भजन प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्त में कार्यक्रम प्रायोजक भास्कर शर्मा, डॉ साधना शर्मा व वंदना मिश्रा ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर आभार जताया। इस धार्मिक कार्यक्रम में सैकड़ों महिला श्रद्धालु उपस्थित रही।

## रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग, चोरी से दहशत

**नीमकाथाना(निस)।** शहर के छावनी क्षेत्र स्थित पुलिस के मोहल्ले में इन दिनों लगातार हो रही चोरियों से आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। वार्ड नंबर 27 में शनिवार रात चोरों ने एक ही रात में तीन घरों से पानी की मोटर चोरी कर ली। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में आक्रोश है और कोतवाली पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात्रि के समय क्षेत्र में आवारा युवक बेवजह घूमते रहते हैं, जिससे असामाजिक तत्वों की पहचान कर पाना मुश्किल हो जाता है। इसी का फायदा उठाकर चोर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि रात्रिकालीन पुलिस गश्त नियमित नहीं होने के कारण चोर बेखौफ होकर चोरी कर रहे हैं। पुलिस के मोहल्ला, छावनी नीमकाथाना निवासी धर्मपाल सैनी ने बताया कि लगातार हो रही चोरियों से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यदि कोतवाली पुलिस रात्रि गश्त बढ़ाए और संदिग्ध लोगों पर नजर रखे तो चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात्रि गश्त को प्रभावी बनाया जाए।


# कार्यालय ग्राम पंचायत पारेवड़ा

पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक :- दिनांक:-16.01.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पारेवड़ा में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यो हेतु निविद सूचना संख्या 09/2025- 26/16.01.2026 द्वारा आंमत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक/ फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 23.01.2026 को खोली जायेगी।

NIB No ZCR2526A1319
UBN No
ZCR2526WSOB02281, ZCR2526WSOB02282,
ZCR2526WSOB02283, ZCR2526WSOB02284,
ZCR2526WSOB02285, ZCR2526WSOB02286,
ZCR2526WSOB02287, ZCR2526WSOB02288,
ZCR2526WSOB02289, ZCR2526WSOB02290,
ZCR2526WSOB02291

प्रशासक
ग्राम पंचायत पारेवड़ा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पारेवड़ा

# कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ को धौलपुर में नई ऊर्जा

### गुड्डू सिंह लोधा बने जिला अध्यक्ष, संगठन को मजबूत करने का संकल्प



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार और खेल प्रकोष्ठ को सशक्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रभु दयाल लोधी उर्फ गुड्डू सिंह लोधा को कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ का धौलपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और खेल जगत से जुड़े युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। यह नियुक्ति कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान, पीसीसी के प्रदेश कोषाध्यक्ष रोहित बोहरा तथा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भरतपुर संभाग प्रभारी मोहन प्रकाश त्यागी के निर्देशानुसार की गई। जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर गुड्डू सिंह लोधा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि खेल प्रकोष्ठ के माध्यम से जिले के युवाओं, खिलाड़ियों और खेल संगठनों को पार्टी से जोड़कर कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा।

# रोडवेज बसों में लगाए गुड्स सेमिरेटन जागरूकता स्टीकर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की ओर से मनाएं जा रहे राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से रोडवेज बसों में चालकों व यात्रियों के साथ समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि रोडवेज की बसों में गुड़ सेमरिटर्न स्टीकर लगाए गए हैं। जिससे यात्रियों को सरकारी योजना के बारे में जानकारी हो सके। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने यात्रियों को बताया कि यात्रा के दौरान यदि सड़क पर कोई घायल आपको दिखाई दे, तो तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराएं, आपसे किसी प्रकार की पुलिस की ओर से कोई पूछताछ नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि अच्छे मददगार को राजस्थान सरकार की ओर से सम्मान स्वरूप 10000 की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने रोडवेज चालकों से कहा कि वह कोहरे के समय फोग लाइट का इस्तेमाल करें और वाहन की गति को धीमा रखें। जब तक सवारी बस में से ना उतर जाएं तब तक बस को आगे ना चलाएं। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक ने राजस्थान सरकार की गुड़ सेमरिटर्न योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी, तथा राहवीर योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मानव धर्म को सबसे ऊपर रखें और घायल को देखकर वीडियो बनाने से अच्छा है, आप उसे अस्पताल पहुंच कर उसकी जान बचाने में सहयोग प्रदान करें। सोमवार को एवीएम कॉन्वेंट विद्यालय में निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी के नव निर्वाचित अध्यक्ष रिंकू गर्ग का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/बाडी(निस)।** महाकुंभ ग्रुप बाड़ी की ओर से अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी बाड़ी के नव निर्वाचित अध्यक्ष रिंकू गर्ग का युवा साथियों ने माला व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी निरंतर रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रिंकू गर्ग ने कहा कि अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसायटी का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है। रक्तदान जैसे पुण्य कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों की जान बचाना संगठन की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी संगठन के सभी साथियों के सहयोग से युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी, नियमित रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवा, विशेषकर रक्तदान जैसे मानवीय कार्यों को और अधिक प्रभावी व व्यापक रूप देने की अपेक्षा जताई। स्वागत कार्यक्रम में केशव देव शिवहरे, रवि मित्तल, योगेश मित्तल, सचिन गोयल, सौरव गर्ग, भुवनेश बंसल, विपिन मित्तल, कपिल गर्ग व अमन मंगल उपस्थित रहे।

### कुमावत समाज के 112 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

# शिक्षा से अपनी सोच बदल कर समाज और देश के लिए करे कार्य : कालूराम

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** श्री कुमावत समाज सेवा संस्थान सुमेरपुर के तत्वावधान में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रविवार को कुमावत धर्मशाला परिसर में आयोजित किया गया।

समारोह के अध्यक्ष उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार ने उपस्थित समाज बंधुओं और छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि धन कमा लेने से अमर नहीं हो सकते हैं, किन्तु शिक्षा से अपनी सोच बदल कर समाज और देश के लिए कुछ अलग करके अमर हुआ जा सकता है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर और लता मंगेशकर आदि का उदाहरण देकर समझाया कि व्यापार के




अलावा खेलों, संगीत, विज्ञान के क्षेत्र में भी कोई अलग नया करके भी देश में अपना और अपने समाज का नाम रोशन कर सकते हैं।

समारोह में विशिष्ठ अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जीवाराम टांक, डॉक्टर तेजाराम सोलंकी, डॉक्टर सावन कुमावत और मित्तल सेक्शन लिमिटेड कंपनी की सेक्रेटरी गुंजनन रामीणा ने भी अपने अनुभव साझा किए और छात्र छात्रों को संबोधित किया। समारोह का मंच संचालन ललित बड़वाल ने किया। समारोह में आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाहों का बहुमान किया गया। इस आयोजन के अतिथियों तथा भामाशाहों की ओर से कक्षा 8 के 21, कक्षा 9 के 16, कक्षा 10 के 22, कक्षा 11 के 17, कक्षा 12 के 14, कंप्यूटर शिक्षा के 8, कराटे चैंपियन 1 और शिक्षक अवार्ड 1, स्नातक तथा स्नातकोत्तर डिग्री के 12 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान किए गए। इस समारोह में

कुल 112 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस सफल आयोजन में

कुमावत समाज, भवन में आयोजित कार्यक्रम में इन सभी सदस्यों का उल्लेखनीय सहयोग रहा जिसमें पूनाराम कुमावत, नटवर रामीणा, कूपाराम सुन्देशा, तुलसाराम रोटांगण पुखराज सोलंकी, चंपालाल चांदोरा, ललित बड़वाल, गुलाबचंद परिहार, नरपतलाल सणवेचा, खीमाराम रामीणा, हीरालाल पाड़ीवा, बाबूलाल गहलोत, ओमप्रकाश कुमावत, धनराज रामीणा, भैराराम मालविया, बाबूलाल रोटांगण, छगनलाल सणवेचा के साथ संस्थान अध्यक्ष नारायण गहलोत व युवाओं ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ पुरुषों एवं छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीम कालूराम कुम्हार ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया और उन्होंने फीडबैक लेकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मूल मंत्र दिया। आरएएस, आईएएस के साथ अन्य में तैयारी कर रही छात्राओं से उन्होंने मंच पर बातचीत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीख दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा ही धन और उपलब्धि हैं इससे समाज और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# 'आप आपरे साथे' अभियान से गांव-गांव पहुंचेगी आम आदमी पार्टी

### जनता की समस्याएं सुनकर बनेगा समाधान का रोडमैप:फारुकी




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** आम आदमी पार्टी धौलपुर के जिला अध्यक्ष मुबीन अहमद फारुकी ने बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि संपूर्ण राजस्थान में आम आदमी पार्टी की ओर से जनसंपर्क अभियान 'आप आपरे साथे' की औपचारिक शुरुआत आज से की जा रही है। फारुकी ने बताया कि इस अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सक्रिय सदस्य पंचायत स्तर पर गांव-गांव तथा शहरी क्षेत्रों के वार्डों में जाकर आम जनता से सीधे संवाद करेंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता की वास्तविक समस्याओं को सुनना, उनके समाधान पर चर्चा करना और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सामने लाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत व प्रत्येक वार्ड स्तर पर समर्पित टीमों का गठन किया जाएगा, जो निरंतर लोगों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं का संकलन करेगी। 'आम आदमी पार्टी राजनीति को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम मानती है, उन्होंने कहा। फारुकी ने स्पष्ट किया कि आगामी पंचायत चुनाव व नगरीय निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती, सुनियोजित तैयारी और संगठनात्मक शक्ति के साथ मैदान में उतरेगी। पार्टी उन सभी ईमानदार, स्वच्छ छवि वाले और जनसेवा की भावना से प्रेरित व्यक्तियों का स्वागत करती है, जो समाज के लिए संघर्षशील रूप से कार्य करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर अपने कार्यों, उपलब्धियों और जन-कल्याणकारी मॉडलों को राजस्थान की जनता तक पहुंचाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी, भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन और पारदर्शी राजनीति जैसे मुद्दों पर पार्टी राजस्थान में भी एक सशक्त और विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभरेगी। फारुकी ने विश्वास जताया कि 'आप आपरे साथे' अभियान के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क स्थापित होगा, जिससे न केवल संगठन मजबूत होगा बल्कि जनता के साथ सीधा और भरोसेमंद संवाद भी कायम होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी समस्याएं व सुझाव साझा करें, ताकि राजस्थान में सकारात्मक, ईमानदार और जनहितकारी राजनीति को आगे बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें अशोक सिंह सिकरवार, साबिर खान, सोमवीर तोमर, भरत सिंह मीणा, पंकज शर्मा, कुसुम सक्सेना, गणेश कुमार जगर, इंद्रपाल, रेखा चौधरी, आरती शर्मा, हरिशंकर जगरिया, अमजद खान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बाल संप्रेषण व शिशु गृह का विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निरीक्षण

### किशोरों से संवाद कर सुविधाओं, सुरक्षा व सुधारात्मक गतिविधियों का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार तथा जिला व सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव मागो के मार्गदर्शन में शुक्रवार 17 जनवरी को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला व सत्र न्यायाधीश) रेखा यादव ने राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह, धौलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गृह में कुल सात बालक उपस्थित मिले, जिनमें दो विधि से संघर्षरत किशोर, दो देखरेख एवं संरक्षण के बालक तथा दो शिशु शामिल थे। सचिव रेखा यादव ने गृह में निवासरत किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन, स्वास्थ्य व शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के समय सचिव ने किशोरों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं व शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, पेयजल व्यवस्था, शयन कक्ष, स्नानागार, चिकित्सकीय सुविधाएं, परामर्श सेवाएं, मनोरंजन व खेल सामग्री का भी बारीकी से अवलोकन किया। सचिव ने विधि से संघर्षरत बालकों से उनके प्रकरणों की जानकारी ली। सभी प्रकरण पॉक्सो अधिनियम से संबंधित पाए गए। इस दौरान उन्होंने किशोरों को अनुशासन में रहने, भविष्य में गलत कार्यों से दूर रहने और शिक्षा के प्रति गंभीर होने के लिए प्रेरित किया। किशोरों से पाठ्यपुस्तकों के बारे में पूछने पर सभी ने किताबें उपलब्ध होना बताया। देखरेख व संरक्षण श्रेणी के बालकों से भी जानकारी ली गई, जिनमें एक बालक मंदबुद्धि पाया गया। इस संबंध में गृह प्रभारी ने बताया कि उक्त बालक को बसेड़ी क्षेत्र से पुलिस की ओर से बाल अधिकारिता विभाग को सुपुर्द किया गया था। सचिव ने बालक की उचित देखभाल, चिकित्सकीय परीक्षण, आवास व भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि जोधपुर की संस्था जेसीकेआईटी की ओर से बाल अधिकारिता विभाग को किशोरों के लिए 10 खाने की टेबल-बेंच, 10 डबल बेड एवं 36 टी-शर्ट उपलब्ध कराई गई हैं। सचिव रेखा यादव ने इन व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर साफ-सफाई व समुचित रखरखाव के निर्देश दिए। सचिव ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किशोरों के साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा उनके पुनर्वास व सुधारात्मक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता बनाए रखने तथा शिक्षा व कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रधान मजिस्ट्रेट नीतू, संप्रेषण गृह धौलपुर के संजय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के स्टेनोग्राफर राहुल डंडोतिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वृद्धजनों के सम्मान व सुविधाओं पर विशेष जोर

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव ने वृद्धाश्रम व नई बिल्डिंग का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव मागो के मार्गदर्शन में 17 जनवरी को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला व सत्र न्यायाधीश) रेखा यादव ने वॉटरवॉक्स चौराहा, नारायण हॉस्पिटल के पास स्थित वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम की नई बिल्डिंग का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सचिव रेखा यादव ने वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने वृद्धजनों को उपलब्ध कराई जा रही प्राथमिक उपचार किट, मैनू के अनुसार समय पर भोजन, पेयजल व सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के समय वृद्धाश्रम में कुल 9 वृद्धजन उपस्थित पाए गए। सचिव ने उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में किए गए निरीक्षणों के दौरान वृद्धाश्रम की पुरानी व जर्जर बिल्डिंग में पाई गई खामियों को देखते हुए सचिव की ओर से वृद्धजनों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आश्रम को अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए थे। उसी क्रम में वृद्धाश्रम प्रबंधन की ओर से सभी वृद्धजनों को वॉटरवॉक्स चौराहा, नारायण हॉस्पिटल के पास स्थित नई बिल्डिंग में स्थानांतरित कर दिया गया है। नई बिल्डिंग में वृद्धाश्रम का सुचारू संचालन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम इंचार्ज ने बताया कि भूतल पर पुरुष वृद्धजनों के लिए कमरे तथा प्रथम मंजिल पर महिला वृद्धजनों के लिए कमरे



निर्धारित किए गए हैं। वहीं सभी वृद्धजनों के लिए रसोईघर भूतल पर ही संचालित किया जा रहा है। सचिव रेखा यादव ने कमरों, रसोईघर, बाथरूम व शौचालयों का निरीक्षण किया और सभी स्थानों पर नियमित साफ-सफाई व सुव्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। सचिव ने वृद्धजनों से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। भोजन की गुणवत्ता, शयन कक्ष, स्नानागार, दवाइयों की उपलब्धता व नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की स्थिति का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान एक वृद्धजन को चिकित्सकीय समस्या होने पर सचिव ने तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सर्दी के मौसम को देखते हुए वृद्धजनों के लिए रूम हीटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। सचिव रेखा यादव ने वृद्धाश्रम के इंचार्ज व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वृद्धजनों के साथ सम्मानजनक, संवेदनशील और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने स्वच्छता, पौष्टिक आहार व बेहतर चिकित्सकीय सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर वृद्धाश्रम इंचार्ज बृजेश मुखरिया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के स्टेनोग्राफर राहुल डंडौतिया उपस्थित रहे।

# रीको क्षेत्र में नकली घी बनाने की आशंका

**जयपुर टाइम्स/धौलपुर(निस)।** जिले के रीको औद्योगिक क्षेत्र में नकली घी तैयार किए जाने की आशंका पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एक फैक्ट्री परिसर में जांच कार्रवाई की। शिकायत के आधार पर की गई इस कार्रवाई में फैक्ट्री के दो अलग-अलग परिसरों को सील कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम् सिंह के अनुसार जिला प्रशासन को नकली घी से जुड़ी सूचना प्राप्त हुई थी। इसी के तहत अल्फा फैक्ट्री के समीप स्थित एक फैक्ट्री परिसर में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान परिसर के भीतर पार्टिशन लगाकर दो यूनिट संचालित होने के संकेत मिले। निरीक्षण में एक हिस्से से नैमिनाथ और सुधर्म ब्रांड के देसी घी के खाली पीपे, साधारण पीपे तथा पैकिंग से संबंधित सामग्री बरामद हुई। वहीं दूसरे हिस्से में आनंद लाइट और ओम लाइट ब्रांड के इंटरस्टरी फाइट फैट से संबंधित बड़ी मात्रा में पैकिंग मटेरियल रखा पाया गया। कार्रवाई के समय दोनों परिसरों में कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था, केवल चौकीदार ही पाया गया। खाद्य विभाग की टीम ने प्रथम दृष्टया अनियमितताएं पाए जाने पर दोनों फैक्ट्री परिसरों को सील कर दिया तथा संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामले की आगे जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस कार्यकर्ता संगठनात्मक जिम्मेदारी का मजबूती के साथ निर्वहन करें: संजय

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बसेड़ी विधायक संजय जाटव का जन्म दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन स्थानीय सर्किट हाउस में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर के अध्यक्ष विधायक संजय कुमार ने की। बैठक में विधायक शोभा रानी कुशवाहा कांग्रेस नेता प्रदीप बोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री, पूर्व जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, लाखन सिंह खिडोरा, बड़ी प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक को ओर मजबूत करने के उद्देश्य से मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम व मनरेगा कार्यक्रम को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विधायक संजय कुमार ने कहा कि सरकार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की ओर से पात्र नागरिकों को वंचित करने का काम कर रही है। उन्होंने सभी कांग्रेस जनों से कहा कि अपने-अपने बूथो पर सतत निगरानी रखते हुए ध्यान रखें की कोई पात्र नागरिक मतदाता से वंचित न रह जाए उन्होंने कहा सरकार बीएलओ पर नाम काटने का दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रकिया के दौरान भाजपा ने कांग्रेस समर्थित मतदाताओ के नाम वोटर लिस्ट से हटाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सतर्कता के चलते यह कोशिश नाकाम रही है, सरकार चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के सरकार सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना के मूल स्वरूप को समाप्त करके मजदूरों के साथ अन्याय किया है। विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकताओं से सतत निगरानी करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित दुर्गादत्त शास्त्री, पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि हम सबको मिलकर पार्टी और संगठन को मजबूत करना है,इस अवसर पर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक संजय कुमार का 38 वा जन्म दिवस सर्किट हाउस में मनाया गया कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर कांग्रेस अध्यक्ष के जन्मदिवस पर केक काट कर दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा धाबाई

### पंचायत समिति विराटनगर

क्रमांकः- ग्रा0प0 / 2025-26 / 92 — दिनांक :- 17.01.2026

### ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा धाबाई द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मों / संवेदको से आमंत्रित की जाती है। UBN No. ZJP2526WSOB02157 निविदा से सम्बन्धित से विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp. rajasthan. gov.in and eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा धाबाई**
**पं. स. विराटनगर (जयपुर) राज**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा धाबाई**
**पं. स. विराटनगर (जयपुर) राज**

## पालिका की बिना स्वीकृति चल रहा निर्माण रोका



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** नोखा-सीकर रोड स्थित ईदगाह के बाहर चल रहे अवैध निर्माण को रविवार को नगरपालिका प्रशासन ने बंद करवा दिया। पालिका में शिकायत मिलने के बाद जांच की गई, जिसमें निर्माण बिना स्वीकृति के होना पाया गया।जानकारी के अनुसार यह मामला अधिशासी अधिकारी भरत गौड़ के संज्ञान में आया, जिसके बाद उन्होंने तुरंत सफाई निरीक्षक गिरधारी लोहिया को टीम के साथ मौके पर भेजा। टीम ने पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया और संबंधित को बिना अनुमति निर्माण न करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी भरत गौड़ ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में यदि कहीं भी बिना स्वीकृति के निर्माण कार्य चलता पाया गया तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील के कहा कि किसी भी प्रकार का निर्माण शुरू करने से पहले पालिका से आवश्यक अनुमति अवश्य लें।

## ग्वार चोरी मामले में 10 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र व तारानगर क्षेत्र में लग्जरी गाड़ी में ग्वार चोरी करने वाले 10 साल से फरार चल रहे आरोपी को जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह ने रावतसर निवासी 41 वर्षीय देवीलाल पुत्र बनवारीलाल नायक को रावतसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर अलग-अलग पुलिस थानों में आधा दर्जन से मामले दर्ज हैं। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए चूरू पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन पर एक विशेष टीम का गठन किया गया है। जिसमें हेड कांस्टेबल मंगलसिंह के साथ मिलकर लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में लग्जरी गाड़ी में ग्वार चोरी करने वाले आरोपी देवीलाल नायक जो 10 साल से फरार चल रहा था। उसको रावतसर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी पर 2015 में सरदारशहर ओर तारानगर पुलिस थाने में मामले दर्ज है। उन्होंने कहा कि 2015 में ग्वार के भाव 30 हजार प्रति क्विंटल से भी ज्यादा थे। जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी लग्जरी गाड़ी में घरों से ग्वार चोरी कर फरार हो जाता था। वहीं उन्होंने कहा कि अब आरोपी को सरदारशहर पुलिस थाने से तारानगर पुलिस के हवाले किया गया है।

## दिनदहाड़े चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में दिन दहाड़े घर में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने हनुमानगढ़ जिला जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। सरदारशहर में 28 नवंबर को दिनदहाड़े एक डाकपाल के घर में अज्ञात चोर घर में घुसकर सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। जिस पर डाकपाल सुरेश कुमार की ओर से सरदारशहर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर एसआई ओमप्रकाश यादव के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा और आसूचना के आधार पर हरियाणा निवासी 30 वर्षीय प्रीतम पुत्र मेवाराम और पंजाब निवासी 30 वर्षीय सुखविन्दर सिंह पुत्र सूरतसिंह के रूप में चोरों की पहचान की गई। पुलिस ने पता किया तो पता चला कि उक्त आरोपी वर्तमान में हनुमानगढ़ जिला जेल में बंद है। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को हनुमानगढ़ जिला जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। वहीं अब पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ और चोरी हुए सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही है। इस कार्रवाई में एसआई ओमप्रकाश यादव, कांस्टेबल लीलाधर मीणा, नंदलाल डूडी और विनोद चौधरी की विशेष भूमिका रही हैं।

## 25 लाख की लागत से बने अंबेडकर भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में विधायक कोष से वाल्मीकि वार्ड में बने बाबा साहेब अंबेडकर भवन का विधायक पं. अनिल शर्मा ने रविवार को लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि 25 लाख की लागत से बना यह भवन इस बस्ती के लोगों के काम आएगा। वहीं क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नही आने दी जाएगी। इस अवसर पर नगर शहर अध्यक्ष महावीर माली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जितेन्द्र राजवी, नगरपरिषद प्रतिपक्ष नेता राजेश पारीक, उपसभापति अब्दुल रसीद चायल, पार्षद मुन्ना लाल वाल्मीकि, पार्षद मदनसिंह निर्वाण, मास्टर उमरदीन सैयद, फारूक ज्यान मोहम्मद, मुख्तार खान, नवाब ठेकेदार, परमेश्वर लाल दुबे, नवाब खान, याकूब खान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# राजनीति अग्निपथ नहीं, जनसेवा का जनपथ है: डॉ सतीश पूनिया

### राजनीति से ही उठती है आमजन की सशक्त आवाज

जयपुर टाइम्स





**सूरत(निस)।** राजनीति को लेकर फैली भ्रांतियों को तोड़ते हुए जनसेवा के असली अर्थ को रेखांकित करने वाला प्रेरणादायी संदेश रविवार को सूरत में गूंजा। अवसर था राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा भाजपा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया की पुस्तक अग्निपथ नहीं जनपथ के विमोचन समारोह का। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. पूनिया ने कहा कि 'राजनीति कोई आग का रास्ता नहीं, बल्कि जनता की सेवा का जनपथ है। यह वह माध्यम है, जिससे आमजन की आवाज को मजबूती मिलती है।' उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राजनीति से भागने के बजाय उसे समझने और अपनाने की जरूरत है, क्योंकि बिना राजनीति के सदन में जनता की आवाज बुलंद नहीं हो सकती। डॉ. पूनिया ने सहज और मजाकिया अंदाज में राजनीति के अनुभव साझा करते हुए कहा कि 'राजनीति में कई बार पापड़ बेलने पड़ते हैं—कभी कुंवारों की शादी करानी पड़ती है तो कभी भैंसों के सौदे भी कराने होते हैं, लेकिन यह सब जनसेवा की प्रक्रिया का हिस्सा है।' उन्होंने कहा कि राजनीति कठिन जरूर है, लेकिन यदि उद्देश्य सेवा का हो तो यह सबसे सशक्त साधन बन जाती है। पुस्तक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि यह किताब मन के संकोच को दूर करने, आत्मबल बढ़ाने और नई पीढ़ी को राजनीति के सकारात्मक पक्ष से परिचित कराने के लिए लिखी गई है। इसमें बदलते राजनीतिक कार्यशैली, सार्वजनिक जीवन के अनुभव, विधानसभा के पहले और आखिरी दिन की भावनाएं तथा संगठनात्मक जिम्मेदारियों की यात्रा को समेटने का प्रयास किया गया है। अपने निजी जीवन का उल्लेख करते हुए डॉ. पूनिया ने कहा कि 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि जयपुर के पास से विधायक बनूंगा और भाजपा जैसे विशाल संगठन का प्रदेश अध्यक्ष बनने का अवसर मिलेगा।' उन्होंने कोरोना काल को याद करते हुए कहा कि उस समय की सेवा भावना और संघर्ष को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है, ताकि वे जान सकें कि समाज ने ऐसी वैश्विक महामारी का सामना कैसे किया। डॉ. पूनिया ने कहा कि आज भी बहुत से लोग राजनीति को गलत नजर से देखते हैं, जबकि हकीकत यह है कि राजनीति ही आमजन की पीड़ा, अपेक्षा और आकांक्षाओं को मंच देती है। 'सदन के भीतर ही जनता की आवाज प्रभावी ढंग से उठाई जा सकती है और यह राजनीति के बिना संभव नहीं,' उन्होंने कहा। सूरत में राजस्थान एवं हरियाणा समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विमोचन समारोह में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व डॉ. सतीश पूनिया का पारंपरिक माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, प्रेरणा और जनसेवा की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

## जर्जर विद्युत पोल दे रहा हादसों को न्यौता, आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 5 में जर्जर विद्युत पोल बदलने की मांग को लेकर वार्ड के लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी कर समस्याओं के समाधान की मांग की है। वार्ड के संजय कुमार ने बताया कि विद्युत पोल पिछले 5 महीनो से जर्जर अवस्था में है और कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवा दिया गया है। लेकिन विद्युत विभाग की ओर से इस विद्युत पोल को नहीं बदला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब यह विद्युत पोल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और कभी भी गिर सकता है। जिसके चलते यहां पर कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वार्ड के विनोद कुमार प्रजापत ने बताया कि यह विद्युत पोल किसी के ऊपर ना गिर जाए इसके लिए वार्ड के लोगों ने लकड़ी के स्पॉट लगाए हैं। लेकिन फिर भी हालत यह है कि यह विद्युत पोल किसी भी समय गिर सकता है और कोई बड़ा हादसा यहां पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमने कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा दिया और स्थानीय वार्ड पार्षद को अवगत करवा दिया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते इस विद्युत पोल को नहीं बदला गया तो हम लोग बड़ा आंदोलन करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। वहीं आपको बता दे कि यह विद्युत पोल नीचे से पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और कभी भी गिर सकता है। प्रदर्शन करने वालों में संजय कुमार पंवार, विनोद प्रजापत, श्रवण प्रजापत, गौतम पड़िहार, गोपाल दास स्वामी, रेवंतराम प्रजापत, सांवरमल सोनी, संजय प्रजापत, पंकज प्रजापत, दीपक स्वामी, मनोज स्वामी, भंवरलाल प्रजापत, रतनलाल प्रजापत, गोपाल प्रजापत सहित वार्ड के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मनरेगा बचाओ अभियान कार्यशाला में लोगों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ जन संग्राम आन्दोलन आयोजित किया। रविवार को ग्राम पंचायत आसपालसर, खेजड़ा, बुकनसर बड़ा, भानीपुरा, भोजरासर में मनरेगा से जुड़ेनागरिकों व गांव के अन्य लोगों के बीच संवाद कर जागरूक किया। इस योजना के परिवर्तन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। सभा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार योजना में बदलाव कर संविधान द्वारा प्रदत्त काम मांगने के अधिकार व न्यूनतम मजदूरी के अधिकार को छिना जा रहा है व योजना के वित्तीय प्रावधानों में बदलाव कर राज्य सरकार पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। गारन्टी देने वाले इस ऐतिहासिक मनरेगा कानून को कमजोर करने के प्रयास सीधे सीधे ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर हमला है। मनरेगा कानून में बदलाव से ग्रामीण ओर गरीब जनता के साथ रोजगार की गारन्टी खत्म करने का प्रयास किया है। नई योजना में महात्मा गांधी का नाम हटा दिया है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों से मनरेगा बचाओ संग्राम जन आन्दोलन में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। साथ ही केन्द्र सरकार के प्रस्तावित संशोधनों के दुष्प्रभावों की जानकरी पहुंचाकर उन्हे जागरूक किया गया। इस अवसर रामलाल सारण भोजरासर, श्रवण कुमार बुकनसर बड़ा, श्रवण कुमार मेघवाल आसपालसर, कालूराम तिवाड़ी खेजड़ा, हेतराम हुड्डा भानीपुरा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मनरेगा कानून में बदलाव का विरोध: मुस्ताक खान के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश सचिव मुस्ताक खान के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र चूरू के ग्राम पंचायत सोमासी में मनरेगा कानून में बदलाव के विरोध में रविवार को आंशिक श्रमदान कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मनरेगा श्रमिकों से संवाद करते हुए मुस्ताक खान ने कहा कि मनरेगा कानून में संशोधन कर उसे बंद करने का प्रयास किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस दौरान जिन श्रमिकों की आयु 65 वर्ष से अधिक है और उन्होंने मनरेगा में पंद्रह वर्ष से अधिक समय तक कार्य कर रहे हैं, उनकी पेंशन लागू करने की मांग की गई। खान ने बताया कि मनरेगा में अधिकांश श्रमिक महिलाएं है और मनरेगा कार्यस्थल की दूरी तीन किलोमीटर से अधिक है, वहां सरकार को वाहन की व्यवस्था करनी चाहिए। यदि सरकार ऐसा नहीं करती है, तो पूरे देश में मनरेगा मजदूर क्रांति के रूप में जन आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान पार्षद अंजनी शर्मा ने कहा कि जिन मेटो को मनरेगा में पांच वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, उनका स्थायीकरण होना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद अंजनी शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, छात्र नेता पुलकित चौधरी, गोपी राम ढूकिया, जगदीश लुहार, नौरंगाराम पूनिया, कमल मेहरा, शिव करण सूंडा, इंद्राज नायक, विजय कुमार, कुलदीप लोट, विजय ढूकिया, हरीश पूनिया, महेश मेहरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चेक अनादरण के मामले में आरोपी दोषमुक्त

**तारानगर(निस)।** तारानगर न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह ने चेक अनादरण के एक मामले में निर्णय पारित करते हुए तारानगर के निकटवर्ती गाँव पंडरेऊ टिब्बा निवासी गुलाबसिंह पुत्र रावताराम दोष मुक्त किया है। गाँव के ही राजेश कुमार पुत्र लालचंद गुलाबसिंह के विरुद्ध चार लाख रुपए के चैक अनादरण का मामला दर्ज करवाया था। दोनों पक्षों की साक्ष्य के उपरांत न्यायालय ने गुलाबसिंह को दोष मुक्त किया है। बचाव पक्ष ने अदालत में यह तर्क दिया कि परिवादी से आरोपी ने कोई ऋण नहीं लिया। परिवादी ने चैक का दुरुपयोग कर मामला पेश किया है। अदालत ने साक्ष्य और गवाहों के बयानों को ध्यान में रखते हुए पाया कि परिवादी एक वैध ऋण के अस्तित्व को साबित करने में असफल रहा है अदालत ने अपने फैसले में परिवादी की ओर से तथ्यों का लोप करते हुए सही तथ्य छिपाते हुए परिवाद न्यायालय में पेश किया जाना पाया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 309 रोगी लाभान्वित

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ ट्रस्ट की ओर से रविवार को मोतीलाल गोमती देवी मोदी की स्मृति में सांवरमल, पवन कुमार, बद्रीनारायण, गोविंदलाल, निखिल मोदी के सौजन्य से आयोजित हुए नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर एवं चर्म व यौन रोग चिकित्सा शिविर में 309 रोगी लाभान्वित हुए। शिविर प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि इस शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से 168 नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर 35 मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया गया। चयनित रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ. मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नि:शुल्क किए जाएंगे। इसी शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ एस आर शुक्ला की ओर से 141 चर्म व यौन रोग संबंधित रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया गया, जरूरतमंद रोगियों को नि:शुल्क दवा दी गई। सहायक राजेंद्र प्रजापत, पवन मोदी, गोविंद मोदी, निखिल मोदी, विमल पाटनी, सुशीला देवी क्याल, अमृत पोद्दार ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। शिविर को सफल बनाने में क्लब प्रतिनिधि महावीर मिरनका, गोपाल चोटिया, हाजी मोहम्मद, विमल भूतोडिया, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, गिरधर शर्मा, योगेंद्र भोजक, प्रतीक चोटिया, अंकित चोटिया, राजकुमार क्याल, हरि तोदी, राजेंद्र कनोई, मूलचंद तिवाड़ी, अब्दुल लतीफ, रमन प्रजापत, रामचंद्र टेलर, मालचंद प्रजापत का सहयोग रहा। शिविर में बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर जिलों के रोगी लाभान्वित हुए।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को 200 जोड़ी जूते वितरण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव खेजड़ा के युवा भामाशाह गौरी शंकर स्वामी ने सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की हैं। उन्होंने नन्हे बच्चों की जरूरत को समझते हुए गांव के तीन प्रमुख विद्यालयों में अध्ययन करने वाले सभी विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। कार्यक्रम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेजड़ा दिखनादा, इंग्लिश मीडियम विद्यालय खेजड़ा उतरादा एवं वीणा शिक्षण संस्थान खेजड़ा दिखनादा में वितरित किए। प्रत्येक बच्चे को जूते प्रदान किए गए। जिससे सर्दी के मौसम में बच्चों को राहत मिलेगी। विद्यालय स्टाफ द्वारा सराहना करते हुए कहा कि गौरी शंकर स्वामी जैसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं। इस अवसर पर शिक्षकों ने गोरीशंकर स्वामी की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने का संदेश दिया।

## गीता के बिना मनुष्य को गति और मुक्ति नहीं



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेज में रविवार को बच्चों को गीता बाल प्रश्नोत्तरी के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि अब बच्चों से रोजाना गीता के बारे में संवाद भी किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्याम भोजक, संजू शर्मा, मोहित सिंघानिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान माधुरी शर्मा व ममता शर्मा ने बच्चों को गजल गीत और संकीर्ण का अभ्यास करवाया। आचार्य निरंजन देव ने बच्चों को 12वें अध्याय का अभ्यास करवाया। नन्हीं दृष्टि ने पांच लोग का पाठ करवाया। इस अवसर पर संजय सिंघानिया ने कहा कि गीता के बिना मनुष्य को गति और मुक्ति नहीं मिलती। इस अवसर पर प्रमोद गौड़ व विजय लक्ष्मी ने चोटी रखने पर नकुल, विराट, भरत, सौरभ और रघुनंदन शर्मा को उपहार देकर सम्मानित किया। वैभव प्रजापत का जन्मदिन होने पर उनका भी सम्मान किया गया। प्रमोद गौड तथा निरंजन देव ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान रतनगढ़ की पूनम कंदोई ने गीता क्लासेज की सराहना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## मौनी अमावस्या पर समरसता की मिसाल, कच्ची बस्तियों में सेवा



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, लक्ष्मणगढ़ की ओर से सामाजिक समरसता, भाईचारे और सेवा भावना का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। ट्रस्ट के तत्वावधान में कच्ची बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों के साथ पर्व मनाया गया और सेवा कार्य किए गए।कार्यक्रम ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी, प्रकाश पासोरिया, गिरधारी लाल जाजोदिया, विक्रम तंवर व अध्यापक राजेश बियाणी के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस दौरान ट्रस्ट कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंद नागरिकों को खाद्य सामग्री का वितरण किया। गरम जलेबी का नाश्ता करवाया और बिस्किट, गरम जुराब सहित अन्य उपयोगी सामग्री प्रदान की। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक अपनत्व और समानता का भाव पहुंचाना है, ताकि समाज में किसी प्रकार का भेदभाव न रहे। मौनी अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से दान-पुण्य व सेवा कार्यों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया गया।ट्रस्ट प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता को सशक्त बना रहा है। कार्यक्रम में दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।